वर्ष 24, अंक 230, पृष्ठ 08, मूल्य: 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज | शनिवार 28 फरवरी 2026 | विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## आप को मिली सियासी संजीवनी!

### फैसला आते ही दिखी झलक, क्या पूरा हो पाएगा अरविंद केजरीवाल का ये सपना?




**नई दिल्ली**

**दिल्ली** की राउज एवेन्यू कोर्ट ने आबकारी नीति मामले से जुड़े कथित घोटाले में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल और पूर्व उप मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित सभी आरोपियों को बरी कर दिया है. पंजाब विधानसभा चुनाव से लगभग एक साल पहले आए इस निर्णय का पंजाब की राजनीति पर असर देखने को मिलेगा.

अरविंद केजरीवाल के पक्ष में कोर्ट का फैसला आते ही पंजाब के अअढ नेता खुश दिखे, तो वहीं राजनीतिक आक्रामकता भी उनके बयानों में साफ दिख रही थी.

'देश की राजनीति भी तय करेगी अअढ'- पंजाब अध्यक्ष

आने वाले दिनों में आम आदमी पार्टी इस फैसले को बड़े पैमाने पर पंजाब में राजनीतिक रूप से भुनाने की कोशिश कर सकती है. इसकी झलक फैसला आते ही पार्टी के नेताओं ने दिखा दी. आप के पंजाब अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा ने कहा है कि इस फैसले का असर पंजाब की राजनीति पर पड़ेगा.

अमन अरोड़ा ने कहा कि अरविंद केजरीवाल और मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में आम आदमी पार्टी पंजाब की सत्ता में वापसी करेगी. उन्होंने दावा किया कि अअढ आने वाले दिनों में देश की राजनीति भी तय करेगी.

कांग्रेस का दावा- पंजाब पर नहीं पड़ेगा कोई असर

वहीं, पंजाब कांग्रेस के अध्यक्ष अमरिंदर सिंह राजा वडिंग ने कहा है कि इस फैसले का पंजाब की राजनीति पर कोई फर्क नहीं पड़ने वाला, क्योंकि पंजाब की जनता आम आदमी पार्टी सरकार के काम को लेकर सवाल कर रही है और राज्य में चुनाव पंजाब के मुद्दों पर लड़ा जाएगा.

पंजाब बीजेपी ने भी किया हमला

वहीं, पंजाब बीजेपी के अध्यक्ष सुनील जाखड़ ने कहा, "पंजाब के लागों को अरविंद केजरीवाल के कट्टर ईमानदार होने के दावे में उतना ही विश्वास है

# मैंने सिर्फ ईमानदारी कमाई, पैसा नहीं,

## दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में कोर्ट से बरी होने के बाद बोले केजरीवाल




**नई दिल्ली**

**दिल्ली** के पूर्व मुख्यमंत्री और आप के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली एक्साइज पॉलिसी केस में कोर्ट से बरी होने के बाद मीडिया से बात की और कहा कि उन्होंने इन सालों में सिर्फ ईमानदारी कमाई है, पैसा नहीं। उन्होंने कहा कि मैंने इन सालों में सिर्फ ईमानदारी कमाई है, पैसा नहीं। उन्होंने कहा कि आज, कोर्ट ने अपने 600 पेज के ऑर्डर में कहा है कि इस मामले में केस चलाने के लिए जरा भी सबूत नहीं है। अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा कि दो लोगों, पीएम मोदी और अमित शाह ने आम आदमी पार्टी को खत्म करने की यह साज़िश रची। उन्होंने कहा कि आज उन्हें देश से माफी मांगनी चाहिए....मैंने सिर्फ.ईमानदारी से कमाया है, पैसा नहीं।

अरविंद केजरीवाल ने कहा कि मैं मोदी जी को दिल्ली में फिर से चुनाव कराने की चुनौती देता हूं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि अगर उन्हें 10 से ज्यादा सीटें मिलीं, तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा। अपने बरी होने पर कांग्रेस के रिएक्शन पर आप के नेशनल कन्वीनर अरविंद केजरीवाल ने कहा, "मैं कांग्रेस से पूछना चाहता हूं - केजरीवाल जेल गए। क्या रॉबर्ट वाड्रा जेल गए? संजय सिंह जेल गए। क्या राहुल गांधी जेल गए? संजय सिंह जेल गए। क्या सोनिया गांधी जी जेल गईं? कांग्रेस क्या कह रही है? क्या उन्हें कोई शर्म नहीं है?

इससे पहले दिन में एक्साइज पॉलिसी केस में कोर्ट से बरी होने के बाद उन्होंने एक रोड शो किया।

## केजरीवाल का चैलेंज, 'दिल्ली में चुनाव करा लें, बीजेपी को 10+ सीट आई तो छोड़ दूंगा राजनीति'

**नई दिल्ली**

**दिल्ली** शराब नीति मामले में बरी होने के बाद आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया. उन्होंने कहा कि वो पीएम नरेंद्र मोदी को चैलेंज देते हैं कि दिल्ली में चुनाव करा लें, अगर 10 से ज्यादा सीटें बीजेपी को आ गईं तो वो राजनीति छोड़ देंगे. पूर्व सीएम ने कहा कि पिछले चार साल से ईडी और सीबीआई को इस्तेमाल करके हमारे ऊपर शराब घोटाला नाम का एक आरोप लगाया गया. सीबीआई और ईडी ने उसमें चार्जशीट फाइल की. आज कोर्ट ने लगभग 600 पेज के आदेश में सारे सबूतों और सारे गवाहों को मद्देनजर रखते हुए ये कहा है कि इतना भी सबूत नहीं है कि मुकदमा तक चलाया जा सके.

दो लोगों ने मिलकर पूरा षड्यंत्र रचा- केजरीवाल

अरविंद केजरीवाल ने आगे कहा, "कोर्ट का ऑर्डर ऐतिहासिक है. ये पूरा षड्यंत्र दो लोगों नरेंद्र मोदी और अमित शाह ने मिलकर रचा. इन्हें पूरे देश से माफी मांगनी चाहिए. दोनों ने मिलकर षड्यंत्र




रचा कि आम आदमी पार्टी को मिलकर खत्म किया जाए. वो देख रहे थे कि दिल्ली में वो हमें नहीं हरा सकते. वो देख रहे थे कि दिल्ली की जनता हमारे कामों से बहुत खुश है. वो देख रहे थे कि दिल्ली में कामों की राजनीति के आधार पर वो कहीं खड़े नहीं हो रहे थे. जनता जानती है कि केजरीवाल ईमानदार है, उन्होंने कहा कि केजरीवाल की ईमानदारी पर चोट करो."

मुझे जब कोई बेईमान बोलता है तो फर्क पड़ता है- केजरीवाल

इसके आगे उन्होंने कहा, "मैंने जिंदगी में केवल ईमानदारी कमाई है. ये उस ईमानदारी के ऊपर चोट करना चाहते थे. कई लोग ये कहते हैं कि जेल से आने के बाद केजरीवाल चुप हो गया. केजरीवाल गायब हो गया, कहां गया? मैं कोई नेता नहीं हूं. मुझे जब कोई बेईमान बोलता है तो मुझे फर्क पड़ता है. मेरे परिवार के ऊपर जब ताने मारे जाते हैं तो फर्क पड़ता है. इसलिए मैंने तय किया था कि जब सारे देश के सामने निर्दोष साबित हो जाऊंगा तब बोलूंगा. आज मेरे दिल से बहुत बड़ा बोझ उतर गया."

'एक ही तरीका बचा है, केजरीवाल की कत्ल करवानी पड़ेगी'


पूर्व सीएम ने पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा, "अब तो केजरीवाल से निपटने का एक ही तरीका बचा है, केजरीवाल की हत्या करवानी पड़ेगी. उसके अलावा केजरीवाल आपसे संभलने वाला नहीं है. अब आपके बस का नहीं है केजरीवाल. आपने सबकुछ करके देख लिया 'चुनाव करा लो, 10 से ज्यादा सीटें आई तो राजनीति छोड़ दूंगा'

दिल्ली का जिक्र करते हुए केजरीवाल ने कहा, "आज दिल्ली में कहीं चले जाओ, सारी सड़कें टूटी पड़ी हैं. अस्पतालों में दवाइयां मिलनी बंद हो गई हैं. मोहल्ला क्लिनिक बंद किए जा रहे हैं. स्कूलों का बुरा हाल हो रहा है. प्रदूषण और यमुना का बुरा हाल हो गया है।

## होली से पहले एक्शन, 15 क्विंटल मिलावटी मावा जब्त, 10 क्विंटल फफूंद लगी मिठाई नष्ट

**गोरखपुर**

**गोरखपुर** में होली के पहले मिलावटखोरों के खिलाफ खाद्य विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है, खाद्य विभाग की तीन टीमों ने छापेमारी करते हुए15 क्विंटल मिलावटी मावा जब्त किया है. वहीं एक अन्य फैक्ट्री में छापेमारी कर 10 क्विंटल फफूंद लगी एक्सपायरी मिठाई (सोनपापड़ी) बरामद कर उसे नष्ट कराया है. खाद्य विभाग के अधिकारियों का आशंका है कि इन मिठाइयों को



रिसाइकल कर फिर से बाजार में भेजने की तैयारी थी.

जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त खाद्य डॉक्टर सुधीर कुमार सिंह के नेतृत्व में तीन टीमें लगातार शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में फैक्ट्री और दुकानों पर छापेमारी की कार्रवाई कर रही है. फूड विभाग की टीम ने गोरखपुर के हार्वर्ड बंदे के पास स्थित एक फैक्ट्री से 10 क्विंटल एक्सपायरी फफूंद लगी मिठाई बरामद की है. टीम ने से त्वरित कार्रवाई करते हुए नष्ट करा दिया है.

रिसाइकल कर फिर से बाजार में सप्लाई की आशंका


अधिकारियों का आशंका है कि इसे रिसाइकल कर फिर से मिठाई तैयार कर बाजार में सप्लाई करने की तैयारी थी।

## शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद को 3 हफ्ते की मोहलत, गिरफ्तारी पर रोक

**प्रयागराज**

**प्रयागराज** में स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के खिलाफ दर्ज कथित यौन उत्पीड़न मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट से फिलहाल बड़ी राहत मिली है. हाईकोर्ट ने अपने चेंबर में केस से जुड़े वकीलों को बताया कि अगली सुनवाई तक स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद और मुकुंदानंद, दोनों की गिरफ्तारी पर रोक रहेगी.

अदालत का विस्तृत आदेश रात तक हाईकोर्ट की वेबसाइट पर अपलोड हो सकता है. इसी आदेश में यह भी उल्लेख होगा कि मार्च के तीसरे सप्ताह में अगली सुनवाई किस तारीख को होगी. तब तक दोनों आरोपियों के खिलाफ कोई गिरफ्तारी नहीं की जाएगी, हालांकि पुलिस चाहे तो पूछताछ कर सकती है और शंकराचार्य को जांच में पूरा सहयोग



करना होगा.

जस्टिस जे.के. सिन्हा की बेंच ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखा. कोर्ट रूम में अधिवक्ताओं की भारी भीड़ और गहमागहमी के कारण सुनवाई चेंबर में की गई, जहां केवल केस से जुड़े वकील मौजूद रहे. सुनवाई के दौरान न्यायालय ने बचाव पक्ष से यह भी पूछा कि पहले सेशन कोर्ट का रुख क्यों नहीं किया गया और सीधे हाईकोर्ट आने का औचित्य क्या है. राज्य सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता मनीष गोयल ने मुख्य रूप से अग्रिम जमानत अर्जी की पोषणीयता पर आपत्ति जताई.

अदालत ने कहा- पहले सेशन कोर्ट जाना था...

उन्होंने कहा कि याचिकाकर्ता को पहले सेशन कोर्ट जाना चाहिए था और वहीं के आदेश को चुनौती देनी चाहिए थी, सीधे हाईकोर्ट आना उचित नहीं है. सरकार ने यह भी कहा कि मामला न्यायालय के आदेश पर दर्ज एफआईआर से संबंधित है और जांच वैज्ञानिक आधार पर की जा रही है. शिकायतकर्ता का बयान दर्ज किया जा चुका है और आगे जांच में आरोपियों के बयान भी दर्ज किए जाएंगे. सरकार की ओर से यह भी स्पष्ट किया गया ।

### घुसपैठ और तस्करी पर रोक के लिए क्या बनी रणनीति?

## अमित शाह ने पूर्णिया में की बड़ी बैठक

**बिहार**

**केंद्रीय** गृह मंत्री अमित शाह तीन दिवसीय सीमांचल दौरे पर बीते बुधवार (25 फरवरी, 2026) को बिहार आए थे. आज (शुक्रवार) तीसरे और अंतिम दिन था. इस मौके पर उन्होंने पूर्णिया में भारत-नेपाल सीमा से जुड़े मुद्दों पर हाई लेवल बैठक की. यह बैठक जीरो माइल स्थित एक होटल में हुई. इस दौरान सीमावर्ती जिलों की सुरक्षा, घुसपैठ पर रोक और खुफिया समन्वय को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई. बैठक में बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, केंद्रीय गृह




राज्य मंत्री नित्यानंद राय, राज्य के डीजीपी, आईजी, सीमावर्ती रेंज के अधिकारी, 12 जिलों के डीएसपी, पूर्णिया, अररिया, कटिहार और किशनगंज सहित सीमावर्ती जिलों के डीएम-एसपी तथा अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी शामिल हुए. करीब 700 किलोमीटर लंबी भारत-नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा की निगरानी, प्रबंधन और समन्वय को लेकर विस्तृत चर्चा हुई.

बैठक में क्या कुछ हुआ तय?

सुरक्षा एजेंसियों की रिपोर्ट के आधार पर सीमावर्ती इलाकों में संदिग्ध गतिविधियों, अवैध घुसपैठ और तस्करी पर प्रभावी नियंत्रण के लिए नई रणनीति तय की गई. सीमा पर तकनीकी निगरानी बढ़ाने, खुफिया तंत्र मजबूत करने और अंतर-एजेंसी समन्वय को और सुदृढ़ करने पर जोर दिया गया.

सीमांचल का क्षेत्र नेपाल और बांग्लादेश सीमा से सटा हुआ है. बैठक में इस पूरे बेल्ट को संवेदनशील मानते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने के निर्देश दिए गए. सीमावर्ती थानों की सक्रियता, एसएसबी और स्थानीय पुलिस के बीच बेहतर तालमेल तथा नियमित संयुक्त अभियान चलाने पर सहमति बनी.

बैठक में सीमावर्ती जिलों से जुड़े कई अहम मुद्दों की समीक्षा की गई और भविष्य की रणनीति पर सहमति बनी. सूत्रों के अनुसार, जल्द ही सीमा प्रबंधन को लेकर कुछ ठोस प्रशासनिक और तकनीकी कदमों की घोषणा हो सकती है।

## अगर अरविंद केजरीवाल 'सही थे तो वापस क्यों ली शराब नीति?'- रेखा गुप्ता

**नई दिल्ली**

लंबे समय से चले आ रहे आबकारी नीति से जुड़े कथित घोटाला मामले में दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने बड़ा फैसला लिया. इस मामले में आरोपी बनाए गए 23 लोगों को कोर्ट ने बरी कर दिया. इनमें दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया, तेलंगाना की नेता के. कविता समेत अन्य 20 लोग शामिल थे.

अरविंद केजरीवाल के पक्ष में आए फैसले के बाद से आम आदमी



पार्टी के नेताओं में तो खुशी की लहर है लेकिन वहीं भारतीय जनता पार्टी नेता सवाल उठा रहे हैं. इसी क्रम में दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की भी प्रतिक्रिया आई है.

'सही थे तो वापस क्यों ली शराब नीति?'- रेखा गुप्ता का सवाल

अरविंद केजरीवाल, मनीष सिसोदिया आदि के बरी होने पर सीएम रेखा गुप्ता ने कहा, "यह अभी निचली अदालत का फैसला हो सकता है. हम सब जानते हैं कि जब यह मामला उठा था तो किस तरह उन्होंने सबूतों से छेड़छाड़ की थी. 150 मोबाइल का डाटा उड़ा दिया गया था."

इतना ही नहीं सीएम रेखा गुप्ता ने आगे कहा, "मैं उनसे (अरविंद केजरीवाल से) पूछना चाहती हूं कि अगर वे सही थे तो क्यों उन्होंने तुरंत शराब नीति को वापस लिया?

## छात्र संघ का मार्च हुआ हिंसक! पूर्व और वर्तमान अध्यक्ष सहित 14 गिरफ्तार, भारी पुलिस बल तैनात

**नई दिल्ली**

दिल्ली का जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय एक बार फिर अखाड़े में तब्दील हो गया है। गुरुवार शाम छात्र संघ द्वारा आयोजित 'लॉन्ग मार्च' के दौरान छात्रों और दिल्ली पुलिस के बीच हिंसक झड़प हुई। इस मामले में पुलिस ने कड़ा रुख अपनाते हुए वर्तमान अध्यक्ष अदिति मिश्रा और पूर्व अध्यक्ष नीतीश कुमार समेत 14 लोगों को गिरफ्तार किया है। दिल्ली पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए लोगों में जाने-माने स्टूडेंट लीडर, खठवरव के पूर्व प्रेसिडेंट नीतीश कुमार, खठवरव प्रेसिडेंट अदिति मिश्रा, वाइस प्रेसिडेंट गोपिका बाबू और जॉइंट सेक्रेटरी दानिश अली शामिल हैं। वसंत कुंज नॉर्थ पुलिस स्टेशन में ॠक्ष्क्र दर्ज की गई है और जांच चल रही है।

भारी पुलिस तैनात जारी

इस बीच, स्टूडेंट्स और पुलिस के बीच झड़प के बाद भारी पुलिस तैनात जारी है।

स्टूडेंट्स यूनियन के मार्च के दौरान हुई झड़प में पुलिस और खठव स्टूडेंट्स घायल हो गए, पुलिस का दावा है कि उन पर हमला किया गया, लेकिन प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उन पर बहुत ज्यादा बल का इस्तेमाल किया।

## सावधान! न्यायपालिका पर अभद्र टिपण्णी करना पड़ेगा भारी

**इलाहाबाद**

**इलाहाबाद** उच्च न्यायालय ने सोशल मीडिया पर न्यायपालिका के खिलाफ अपशब्दों का प्रयोग करने वालों को चेतावनी देते हुए कहा कि ऐसी टिप्पणियां निष्पक्ष आलोचना के दायरे से बाहर हैं और ऐसा करने पर अवमानना के तहत सख्त कार्रवाई की जा सकती है। न्यायमूर्ति जे जे मुनीर और न्यायमूर्ति प्रमोद कुमार श्रीवास्तव की खंडपीठ ने कहा कि यदि यह अदालत ऐसी पोस्ट को अवमानना के क्षेत्राधिकार में संज्ञान में लेती है तो उस पोस्ट पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

अदालत ने कहा, हम लोगों को



भविष्य में सावधान रहने की याद जरूर दिलाना चाहेंगे क्योंकि सोशल मीडिया पर कहे गए ऐसे शब्द जो स्पष्ट रूप से अवज्ञाकारी हों, जब भी अवमानना के क्षेत्राधिकार में संज्ञान में लिये जाते हैं, अवमानना करने वाले को कानून के तहत दंड का सामना करना पड़ सकता है ॥ अदालत ने कहा कि सोशल मीडिया पर इस प्रकार अपशब्द कहना अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सीमा लांघता है। अदालत ने बस्ती की एक जिला अदालत में अधिवक्ता हरि नारायण पांडेय के आचरण के संबंध में अदालतों की अवमानना अधिनियम 1971 की धारा 15 के तहत एक आपराधिक अवमानना मामले के संदर्भ में यह टिप्पणी की।

अदालत ने स्पष्ट रूप से कहा कि सोशल मीडिया पर उच्च अदालतों को लेकर कहे गए अपशब्द किसी भी तरह से उचित टिप्पणी या निर्णय की आलोचना के दायरे में नहीं आते।

अदालत ने इस बात पर गौर किया कि निंदा करने वाला व्यक्ति ने अपने शब्दों को न्यायोचित नहीं ठहराया और उसने स्वीकार किया कि उस दिन जब यह घटना हुई, उस समय वह अत्यंत व्यथित था।

## घर के बाथरूम में बैठा था तेंदुआ, दहशत में आए लोग, वन विभाग ने किया रेस्क्यू

**उत्तर प्रदेश**

**उत्तर प्रदेश** के मुरादाबाद में उस वक्त हड़कंप की स्थिति बन गई जब जिले के रामगंगा विहार स्थित हरथला में गंगा मंदिर के पास सुबह लगभग 5 बजे एक घर में तेंदुआ घुस गया. इसी बीच परिवार ने तेंदुए को बाथरूम में बंद कर घर से बाहर भागकर अपनी जान बचाई. इस घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई.

खौफजदा लोगों ने पुलिस और वन विभाग को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस और वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची. इसके बाद पुलिस और वन विभाग के अधिकारियों ने पीलीभीत से वाइल्ड लाइफ एक्सपर्ट की टीम को भी बुलाया. हालांकि, एक्सपर्ट टीम आने से पहले ही वन विभाग के लोगों ने बाथरूम से तेंदुए को रेस्क्यू कर पिंजरे में कैद किया. इसके बाद पिंजरे में कैद तेंदुए को उस गाड़ी में चढ़ा कर अपने साथ ले गए, जिसके बाद लोगो ने राहत की सांस ली.

बाथरूम में बैठा था तेंदुआ

दरअसल, हरथला में रात में मेघराज के परिजनों को घर के अंदर कुछ आहट महसूस हुई. जब उन्होंने देखा तो बाथरूम में एक तेंदुआ बैठा था. बिना देर किए परिवार ने बाथरूम का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया.

इसके बाद उन्होंने शोर मचाना शुरू किया. इसके बाद मोहल्ले के लोग इकट्ठा हो गए. सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम तुरंत मौके पर पहुंची।

# विद्यालय के बाहर छात्राओं से बदसलूकी शिक्षकों से भी अभद्रता, पुलिस ने ट्रक चालक को लिया हिरासत में

अखंड भारत संदेश

**सहसों।** थरवई थाना क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय थानापुर के बाहर शुक्रवार को कुछ शरारती तत्वों द्वारा छात्राओं से बदतमीजी किए जाने का मामला सामने आया है। छात्राओं के विरोध करने पर आरोपितों ने शिक्षकों के साथ भी अभद्र व्यवहार किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार शुक्रवार को विद्यालय के सामने कुछ अराजक तत्व बाइक और ट्रक खड़ा किए हुए थे, जिससे आवागमन बाधित हो रहा था। जब शिक्षकों ने रास्ता खाली करने और वाहनों को हटाने के लिए कहा तो आरोपितों ने विवाद शुरू कर दिया। इसी दौरान छात्राओं के साथ अभद्र टिप्पणी और अनुचित व्यवहार किए जाने की बात भी सामने आई। स्थानीय लोगों को एकत्र होता देख बाइक सवार युवक मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी थरवई संतोष कुमार पांडे ने ट्रक चालक और खलासी को वाहन सहित हिरासत में लेकर थाने पहुंचाया, जहां उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

ग्राम प्रधान विजयलक्ष्मी सिंह चंदेल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालय में आसपास के कई गांवों से छात्र-छात्राएं पढ़ने आते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि थानापुर से भोपतपुर तक सड़क किनारे खड़े ट्रक चालकों व अन्य मनचलों द्वारा आए दिन छात्राओं से अभद्रता की जाती है। कई बार शिकायत के बावजूद ठोस कार्रवाई नहीं होने का भी आरोप लगाया गया है। ग्राम प्रधान ने दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विद्यालय के शिक्षकों ने चेतावनी दी है कि यदि अराजक तत्वों के खिलाफ कठोर कदम नहीं उठाया गया तो वे छात्र-छात्राओं के साथ जिलाधिकारी एवं पुलिस कमिश्नर से मिलकर औपचारिक शिकायत दर्ज कराएंगे और दंडात्मक कार्रवाई की मांग करेंगे।

## हनुमत मंदिर लोढ़ीडीह, उग्रसेनपुर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह आयोजित



**जंघई।** प्राचीन सर्व सिद्धि श्री संकटमोचन हनुमत मंदिर लोढ़ीडीह, उग्रसेनपुर में कलश यात्रा, पंचांग पूजन, एवं मंडप प्रवेश, वेदी पूजन, अन्नभिषेक, जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक रथयात्रा, शिव विवाह उत्सव, प्राण प्रतिष्ठा, पूणार्हुति हवन एवं विशाल भंडारा महाप्रसाद कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें उपस्थित लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर इंजीनियर घनश्याम पांडेय पूर्व विधानसभा प्रत्याशी, नागेंद्र प्रताप सिंह, संतोष सिंह, डिंपी पांडेय, राजीव लोचन मिश्रा, महावीर मिश्रा, पिंटू मिश्र प्रधान, आनंद मिश्र, विकास यादव सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### अंबेडकर विचार गोष्ठी में शिरकत करने आज कोरांव आयेंगे न्यायमूर्ति गौतम चौधरी



**पसना।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति गौतम चौधरी कल कोरांव में आयोजित एक विचार गोष्ठी में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। यह गोष्ठी कोरांव तहसील के पास स्थित विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाई स्कूल के प्रांगण में दोपहर 12 बजे से शुरू होगी। इसका विषय "आधुनिक भारत में डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के विचारों की महत्ता" है। यह जानकारी उच्च न्यायालय के अपर शासकीय अधिवक्ता और विश्वनाथ प्रसाद जूनियर हाई स्कूल के प्रबंधक, अधिवक्ता अनिल मिश्रा ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। गोष्ठी में अति विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व अपर महाधिवक्ता नीरज त्रिपाठी और इलाहाबाद उच्च न्यायालय के मुख्य स्थाई अधिवक्ता एसपी गौड़ शीतल उपस्थित रहेंगे। क्षेत्रीय विधायक राजमणि कोल और समाजसेवी राजेश शुक्ल विशिष्ट अतिथि होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता रेलवे बोर्ड नई दिल्ली के सेवानिवृत्त अधिकारी पी.एन. शुक्ल करेंगे। उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता ज्ञान नारायण कनौजिया ने क्षेत्र के प्रबुद्धजनों से अधिक संख्या में कार्यक्रम में भाग लेकर वक्ताओं के विचारों को सुनने की अपील की है।

### लालापुर क्षेत्र के साहिल शुक्ला युवक का घूरपुर के एक स्कूल में खून से लथपथ शव मिलने से हड़कंप



**लालापुर।** लालापुर थाना क्षेत्र के गोबरा तरहार गाँव का युवक साहिल शुक्ला घूरपुर थाना क्षेत्र के चक गौरी शंकर नीबी गांव स्थित शारदा प्रयाग पब्लिक स्कूल के कार्यालय में शुक्रवार सुबह खून से लथपथ शव मिला। युवक कुर्सी पर बैठा था और उसकी कनपटी पर गोली लगी थी। स्कूल कर्मियों ने शव देखकर पुलिस को सूचना दी।मृतक की पहचान लालापुर थाना क्षेत्र के गोबरा गांव निवासी 22 वर्षीय साहिल शुक्ला पुत्र रेवती रमण शुक्ला के रूप में हुई है। साहिल पिछले एक साल से घूरपुर के चक गौरी शंकर नीबी गांव में अपने फुफा अनिल तिवारी के घर रह रहा था। वह नैनी के कॉटन मिल स्थित अपेक्स में आईटीआई का कोर्स कर रहा था और अपने फुफा के शारदा प्रयाग पब्लिक स्कूल की देखभाल भी करता था। अक्सर वह रात में स्कूल परिसर में ही रुकता था। घटना की जानकारी मिलते ही घूरपुर थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल की जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। युवक के हाथ में 315 बोर का तमंचा मिला है। थाना प्रभारी कि प्रथम द्दष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है। हालांकि, पुलिस हत्या और आत्महत्या दोनों पहलुओं से जांच कर रही है। परिजनों ने अभी तक कोई लिखित शिकायत नहीं की है। साहिल अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था, और घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

### जॉर्जटाउन थाना क्षेत्र में चारपहिया वाहन की टक्कर से युवक घायल, चालक फरार

**प्रयागराज।** जॉर्जटाउन थाना क्षेत्र में गुरुवार को तेज रफ्तार चारपहिया वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों की भीड़ जुट गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक सड़क पार कर रहा था, तभी अचानक तेज गति से आ रहे वाहन ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गया। हादसे के बाद चालक ने वाहन रोका नहीं और मौके से भाग निकला। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल को उठाकर नजदीकी अस्पताल भिजवाया और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही जॉर्जटाउन थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच शुरू की। पुलिस का कहना है कि अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है और वाहन की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

## जलसंस्थान कर्मी पुत्र के खुदकुशी मामले में मां ने जताई हत्या की आशंका

### जनसुनवाई पोर्टल पर दर्ज कराई शिकायत, निष्पक्ष जांच की मांग

**नैनी।** नैनी के इंदलपुर ग्राम में जल संस्थान कर्मी इंद्रजीत भारतीया (30) की खुदकुशी के मामले में उसकी मां इन्द्रकली ने सवाल उठाया है। जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बेटे की मौत की जांच अपराध शाखा पुलिस से कराने की मांग की है। मृतक आश्रित उसकी मां इन्द्रकली पत्नी स्वर्गीय हरिश्चंद्र ने जनसुनवाई पोर्टल में दर्ज कराई गई शिकायत में बेटे की हत्या किए जाने का शक जताया है। बता दें कि 24 जनवरी 2026 की रात में इंद्रजीत भारतीया (30) पुत्र स्वर्गीय हरिश्चंद्र भारतीया का शव उसके कमरे में पंखे से लटका हुआ मिला था। इंद्रजीत भारतीया जल संस्थान के इंदलपुर पानी की टंकी में तैनात रहा। उसकी मां इन्द्रकली ने बेटे की हत्या का शक जाहिर करते हुए उसके ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है और मामले में निष्पक्ष जांच व एफआईआर दर्ज करने की मांग की है। उसने शिकायती प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया है कि बेटे की पहले गला दबाकर हत्या की गई और बाद में घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए शव को पंखे से लटका दिया गया। घटना के समय घर का दरवाजा बाहर से बंद था। 25 जनवरी 2026 को घटना की जानकारी पड़ोसी से मां इन्द्रकली को हुई थी। प्रार्थना पत्र में यह भी उल्लेख है कि इंद्रजीत भारतीया को पूर्व में कुछ लोगों द्वारा जान से मारने की धमकी दी गई थी। नैनी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा था। मां का आरोप है कि अभी तक आरोपितों के खिलाफ कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। पीड़िता मां ने मामले की उच्चस्तरीय व निष्पक्ष जांच तथा दोषियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। शिकायती पत्र में मृतक की पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी उल्लेख किया गया है। रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का आग्रह किया गया है।

## सहसों में अमर शहीद पंडित चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

अखंड भारत संदेश



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार के कार्यकताओं ने शुक्रवार को सहसों बाजार में जिला अध्यक्ष गंगापार अशफाक अहमद के नेतृत्व में अमर शहीद स्वतंत्रता संग्राम सेनानी चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उनके चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि पंडित चंद्रशेखर आजाद सदैव आजाद रहे। अंग्रेजी हुकूमत ने उन्हें गिरफ्तार करने के लिए अनेक प्रयास किए, लेकिन वे कभी उनके हाथ नहीं आए। उन्होंने गुलाम भारत को स्वतंत्र कराने के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी और ब्रिटिश हुकूमत के छक्के छुड़ा दिए। उन्होंने बताया कि मुखबिर की सूचना पर अंग्रेज सिपाहियों ने प्रयागराज के अल्फ्रेड पार्क (वर्तमान आजाद पार्क) में उन्हें घेर लिया। मुठभेड़ के दौरान आजाद ने कई ब्रिटिश सिपाहियों को मार गिराया। जब उनकी रिवाल्वर में अंतिम गोली शेष रह गई, तो उन्होंने उसे अपनी कनपटी पर दागकर वीरगति को प्राप्त किया, परंतु अंग्रेजों की अधीनता स्वीकार नहीं की। जिला अध्यक्ष ने कहा कि पंडित आजाद का मातृभूमि की आजादी में अतुलनीय योगदान रहा है। उनके विचार और शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक और प्रेरणादायी हैं। हमें उनके आदर्शों का अनुसरण करते हुए राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखना चाहिए।

इस अवसर पर विधानसभा प्रभारी देवराज उपाध्याय, शरद उपाध्याय मुन्ना, डा. जगत नारायण सिंह, सुनील पाण्डेय, सद्दाम हुसैन सिद्दीकी, ब्लॉक अध्यक्ष रितेश पासी, संगम लाल गुप्ता, श्याम जी धुरिया, अजय कुशवाहा, रितेश चौधरी, डा. अमर सिंह पटेल, श्याम बाबू यादव, रमेश कुमार, मिथिलेश यादव, अमृतलाल गौतम, शंकर लाल गौतम, राम लखन गौतम, रामकली, अमरावती देवी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## कोरांव के संसारपुर में मौन पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित



अखंड भारत संदेश

**कोरांव।** शुक्रवार को क्षेत्र के जगदेव प्रसाद स्मारक महाविद्यालय संसारपुर में डाबर इंडिया लिमिटेड एवं संजीवनी ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से सैकड़ो किसान महिलाओ एवं युवाओं को मधुमक्खी पालन हेतु प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में डाबर इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ हिमांशु ढपोला उपस्थित रहे विशिष्ट अतिथि के रूप में अरुण कुमार मिश्र प्रख्यात मौन पालन प्रशिक्षक रहे कार्यक्रम की अध्यक्षता हीरालाल पटेल अवकाश प्राप्त प्रशिक्षक उद्यान विभाग प्रयागराज ने किया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डाबर इंडिया लिमिटेड के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर हिमांशु ढपोला कहां की मौन पालन से किसानों की आय में वृद्धि होगी महिलाओं एवं युवाओं के लिए मधुमक्खी पालन बहुत अच्छा व्यवसाय है अरुण कुमार मिश्र ने मौन पालन में तकनीकी एवं व्यवसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया हीरालाल पटेल ने सभी महिला किसानों को एवं युवाओं को मधुमक्खी पालन हेतु विस्तार रूप से जानकारी दी। संजीवनी ट्रस्ट के सचिव उदित नारायण शुक्ल ने सभी अतिथियों का स्वागत किया उन्होंने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाएं एवं युवाओं को घर बैठे बहुत अच्छा व्यवसाय है और सभी को व्यवसाय करने को प्रेरित किया। संजीवनी ट्रस्ट के संयोजक सुरेश तिवारी ने बताया कि डाबर इंडिया एवं संजीवनी ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में इस वर्ष 200 किसान महिलाएं एवं युवाओं को मधुमक्खी पालन हेतु प्रशिक्षण कराया जाएगा।

कार्यक्रम का संचालन सिद्धार्थ पांडेय ने किया कार्यक्रम के अन्त में अरुण द्विवेदी ने आए हुए सभी अतिथियों एवं किसान महिलाओ एवं युवाओं को धन्यवाद ज्ञापित किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से नीरज कुमारी कंचन निर्मला शिवा सिंह खुशी द्विवेदी समेत सैकड़ो की संख्या में किसान महिलाएं एवं युवाओं की मौजूदगी रही।

## सहसों बीआरसी में तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण का समापन प्रधानाध्यापकों को दिए गए नामांकन बढ़ाने के निर्देश

अखंड भारत संदेश




**सहसों।** विकासखंड सहसों स्थित बीआरसी परिसर में आयोजित तीन दिवसीय शारदा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को सफलतापूर्वक समापन हो गया। प्रशिक्षण के अंतिम दिवस पर बीईओ सहसों वरुण कुमार मिश्रा ने उपस्थित प्रधानाध्यापकों को संबोधित करते हुए विद्यालयों में नामांकन बढ़ाने और ड्रॉपआउट बच्चों को पुनः शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी शिक्षक अपने-अपने विद्यालय लौटने के बाद यह सुनिश्चित करें कि कोई भी बच्चा विद्यालय आने के बाद पढ़ाई से वंचित न रह जाए। यदि कोई छात्र स्कूल आना बंद कर चुका है अथवा उसका अब तक नामांकन नहीं हुआ है, तो उसका चिन्हांकन कर तत्काल विद्यालय में प्रवेश दिलाया जाए, ताकि वह नियमित रूप से शिक्षा प्राप्त कर सके। प्रशिक्षण के दौरान संदर्भ दाताओं के रूप में एआरपी महेश प्रताप सिंह, मनोज यादव, शिव अवतार साहू, कमल सिंह एवं उर्मिला सिंह ने शिक्षकों को ह्यनिःशुल्क और अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009ह्ल के प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिनियम के अनुसार 6 वर्ष से अधिक आयु के ऐसे बच्चे जो कभी विद्यालय नहीं गए हैं या अपनी प्रारंभिक शिक्षा पूर्ण नहीं कर पाए हैं, उन्हें उनकी आयु के अनुरूप उपयुक्त कक्षा में प्रवेश दिया जाना अनिवार्य है।

कार्यक्रम में विकासखंड के 72 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे। प्रशिक्षण का उद्देश्य ह्यस्कूल हर दिन आएंह्ल अभियान को प्रभावी बनाते हुए आउट ऑफ स्कूल बच्चों की पहचान कर उनका नामांकन सुनिश्चित करना रहा, जिससे प्रत्येक बच्चे को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अधिकार मिल सके।

## युवक पर लाठी डंडो से हमला कर लहुलुहान कर दिया गया, केस दर्ज

**मऊआइमा।** नमाज पढ़ कर घर वापस आ रहे यूवक को तमंचा लहराते हुए लाठी डंडो से मारा पीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी गई।पुलिस ने पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। मऊआइमा नगर पंचायत के मोहल्ला हजियाना निवासी मोहम्मद शाकिर पुत्र मोहम्मद जाकिर का कथन है कि उसका भाई मोहम्मद अयान गुरुवार को देर रात स्लाटर हाउस स्थित मस्जिद में नमाज पढ कर घर आ रहा था। आरोप है कि कतिपय युवकों ने मार डालने की धमकी दिए और लाठी डंडा से मार पीट कर जख्मी कर दिए। तथा तमंचा लहराते हुए हुए भाग गए । जिससे मोहम्मद अयान बुरी तरह जख़्मी हो गया।जख्मी के भाई मोहम्मद शाकिर ने मऊआइमा थाना में ग्राम सुल्तानपुर खास निवासी मोहम्मद कैफ, जीशान, जाफर,लकी, सलमान के खिलाफ केस दर्ज करा दिया है।


### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा उत्तर प्रदेश बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 का अंक पत्र मार्कशीट रोल नंबर 1241700680 हुबलाल इंटर कॉलेज भरवारी का कहीं रास्ते में खो गया है पुलिस स्टेशन में गुमशुदगी दर्ज करवाया है इस संबंध में विद्यालय को भी सूचित कर दिया है उक्त मार्कशीट अंक पत्र का प्रयोग अवैध होगा जिस सज्जन को मिले मेरे नीचे लिखे पते पर पहुंचाने का कष्ट करें । **विपिन कुमार पुत्र संतोष निवासी ग्राम चपहुआ थाना चरवा जनपद कौशाम्बी।**



### कार्यालय ग्राम पंचायत लोटाढ़ विकास खण्ड मेजा प्रयागराज

**अल्पकालीन निविदा**

ग्राम पंचायत लोटाढ़ में 14/15 वां वित्त एवं चतुर्थ राज्य वित्त आयोग मनरेगा एवं स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत हैंडपंप विकास खंड मेजा जनपद प्रयागराज में सोलर लाइट, कीट व सामुदायिक शौचालय का निर्माण आदि में आपूर्ति होने वाली सामग्री जैसे इंटरलॉकिंग ईंट, सीमेंट, लालईंट, बालू, गिट्टी, एसएलडब्ल्यूयूएम सरिया, स्टोन पत्थर, स्टोन ग्रिट, जीएसबी, दरवाजा, पेंट, टाइल्स, आपरेशन कायाकल्प के अंतर्गत समस्त कार्य करोना वायरस संबंधी स्वी. दरवाजा, टाइल्स, आपरेशन कायामास्क सेनिटाइजर, स्प्रे मशीन, काउसेट, दस्ताना, थर्मल स्कैनिंग मशीन, पंचायत भवन सामग्री एवं श्रमांस सहित आदि कार्यों में आपूर्ति की आवश्यकता है। आपूर्ति कर्ता व्यापार कर वाणिज्य कर आयुक्त कार्यालय में पंजीकृत हो निविदा आमंत्रित की जाती है। दिनांक 03.12.2025 से 18.12.2025 तक निविदा फार्म ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा होगा। निविदा दिनांक 19.12.2025 को ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर 3 बजे समिति के समक्ष खोली जाएगी। निविदा कोटेशन स्वीकृत अस्वीकृत करने का अधिकार ग्राम पंचायत के पास सुरक्षित होगा। सामग्री की मात्रा पंचायत में स्वीकृत प्राक्कलन के अनुसार पृथक पृथक होगा। उक्त निविदा वर्ष 2025 - 26 में कराए जाने वाले विकास कार्यों हेतु प्रभावी होगी।

**कार्य** - पीडब्लूडी सड़क से अनिल के घर तक पक्की नाली व इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य।

| | |
|---|---|
| **(अनीता देवी)** | **(विकास कुमार जायसवाल)** |
| **ग्राम प्रधान** | **ग्राम विकास अधिकारी** |
| **ग्राम पंचायत लोटाढ़** | **ग्राम पंचायत लोटाढ़** |
| **विकास खण्ड मेजा प्रयागराज** | **विकास खण्ड मेजा प्रयागराज।** |


## कन्याओं का प्रोत्साहन, भविष्य की दिशा में एक सराहनीय पहल : सीमा द्विवेदी सांसद






अखंड भारत संदेश

**जंघई।** चंपापुर, खेमपट्टी गांव के हनुमान मंदिर प्रांगण में वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा नेता अरुण दुबे द्वारा गुरुवार को सुंदर कांड एवं कन्या सम्मान समारोह सैकड़ों लोगों को सिलाई मशीन एवं साइकिल वितरण किया गया। मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सीमा द्विवेदी ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि क्षेत्र में कन्याओं को प्रोत्साहित करने और उनके आत्मनिर्भर भविष्य की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत कन्या सम्मान समारोह का आयोजन अरुण दुबे द्वारा सराहनीय आयोजन किया गया है जो कि बहुत ही सुंदर एवं सकारात्मक पहल है। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि एसडीएम हंडिया रावेंद्र सिंह, एसएचओ सरायममरेज अतुल मिश्र, भाजपा नेता अजय शुक्ला, कांग्रेस नेता संजय तिवारी, ब्लाक प्रमुख प्रतापपुर शैलेश यादव, समाजसेवी गरुण पांडेय, पूर्व प्रमुख मनोज पांडेय द्वारा विभिन्न समाज की कन्याओं को सिलाई मशीन, साइकिल वितरित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम आयोजक अरुण दुबे ने कहा कि बालिकाओं की शिक्षा और स्वावलंबन ही सशक्त समाज की नींव है साइकिल मिलने से छात्राओं को विद्यालय आने-जाने में सुविधा होगी, वहीं सिलाई मशीन से महिलाएं एवं किशोरियां स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक रूप से मजबूत बन सकेंगी। भविष्य में भी ऐसे कार्यक्रमों के माध्यम से कन्याओं को आगे बढ़ाने के प्रयास जारी रहेंगे। कार्यक्रम संयोजक अरविंद दुबे, मनोज दुबे, आकाश दुबे एवं संचालक गिरीश तिवारी, कमलेश दुबे,आवेश दुबे, शुभम दुबे, आकाश शर्मा, विशाल मिश्रा द्वारा लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कार्यक्रम का सफल समापन किया गया इस अवसर सैकड़ों गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# पीडीए की बड़ी कार्रवाई: 10 बीघा में की गई अवैध प्लाटिंग पर चला बुलडोजर

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ गुरुवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए जोन-02 के उपजोन-2ए क्षेत्र में करीब 10 बीघा भूमि पर की गई अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त करा दिया। कार्रवाई जोनल अधिकारी के नेतृत्व में की गई।

प्राधिकरण के अधिकारियों के अनुसार स्थल गाजा कटहुला, केपी कॉलेज के आगे ससुर खदेरी नदी के पास, थाना एयरपोर्ट क्षेत्र में अजय यादव, रोशन सिंह व अन्य द्वारा बिना स्वीकृत मानचित्र के प्लाटिंग की जा रही थी। जांच में अवैध निर्माण की पुष्टि होने पर बुलडोजर चलाकर प्लाटिंग को ध्वस्त कर दिया गया।

पीडीए अधिकारियों ने बताया कि अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई जाएगी। साथ ही भविष्य में भी अवैध निर्माण और प्लाटिंग के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

कार्रवाई के दौरान जोनल अधिकारी के साथ अवर अभियंता, सुपरवाइजर, पीडीए प्रवर्तन टीम और थाना एयरपोर्ट पुलिस बल मौजूद रहा।

## डीएलएड प्रथम व तृतीय सेमेस्टर परीक्षा की स्क्रूटनी के लिए आवेदन की तिथि घोषित, अभ्यर्थियों के लिए आनलाइन सुविधा

**प्रयागराज।** डिप्लोमा इन एलीमेंट्री एजूकेशन (डीएलएड) प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर परीक्षा वर्ष अक्टूबर व नवंबर-2025 की स्क्रूटनी के लिए आनलाइन आवेदन शनिवार यानी 28 फरवरी से किए जा सकेंगे। उत्तर प्रदेश परीक्षा नियामक प्राधिकारी (पीएनपी) सचिव अनिल भूषण चतुर्वेदी ने इसके लिए अंतिम तिथि 14 मार्च निर्धारित की है। आफलाइन आवेदन नहीं स्वीकार किए जाएंगे। इस परीक्षा का परिणाम 25 फरवरी को घोषित किया जा चुका है। सचिव की ओर से जारी निर्देश के अनुसार डीएलएड प्रशिक्षण-2018, 2021 एवं 2023 बैच के अभ्यर्थी वेबसाइट http://www .btcex-am.in पर आवेदन करेंगे, जबकि प्रशिक्षण-2019, 2022 एवं 2024 के अभ्यर्थियों को वेबसाइट https://www. updeledexam.in के माध्यम से आवेदन करना होगा। निर्धारित अवधि के बाद इस संबंध में कोई आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। कहा गया है कि संबंधित जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) तथा निजी प्रशिक्षण संस्थानों को कालेज लागिन के माध्यम से अभ्यर्थियों के आवेदन भरने होंगे।

## सुनील कुमार सिंह को नवागंतुक बीडीओ के रूप में उरुवा ब्लॉक की सौंपी गई कमान कार्यभार किया ग्रहण

कहा - शासन के मंशानुरूप जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतरना और पंचायतों का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता




**मेजा।** सुनील कुमार सिंह को नवागंतुक बीडीओ के रूप में विकास खंड उरुवा की कमान सौंपी गई है। सिंह ने बीते गुरुवार को कार्यभार ग्रहण किया और स्वयं की प्राथमिकताओं से ग्राम सचिवों सहित अन्य कर्मचारियों को रूबरू कराते हुए साथ बैठक कर विकास संबंधी प्रत्येक कार्यों को गंभीरता लेने की बात कही। इतना ही नहीं उन्होंने स्पष्ट लहजे में कहा कि शासन के मंशानुरूप जनहित की योजनाओं को धरातल पर उतरना और विकास खंड के संपूर्ण ग्राम पंचायतों का सर्वांगीण विकास ही हमारी प्राथमिकता है ऐसे में कार्यों में लापरवाही किसी भी कीमत पर स्वीकार्य नहीं की जायेगी। गौरतलब है कि विकास खंड उरुवा में तैनात पूर्व बीडीओ सुश्री श्रुति शर्मा के स्थानांतरण के पश्चात उरुवा की कमान सौंपी गई है।

## न्यूज झरोखा

### एमएल पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज का वार्षिकोत्सव समारोह आज



चेयरमैन दुर्गा प्रसाद गुप्ता

**मेजा।** मेजा के बगहा सिरसा स्थित सर्वाधिक लोकप्रिय स्कूल एमएल पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज के वार्षिकोत्सव समारोह 2026 का आज भव्य आगाज होगा जिसके लिए सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। स्कूल के चेयरमैन एवं शिक्षा के पुरोधा दुर्गा प्रसाद गुप्ता ने देते हुए कहा कि समारोह के दौरान स्कूल एंड कॉलेज के छात्र छात्राओं द्वारा उत्कृष्ट एवं सराहनीय रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और देश भक्ति पर आधारित गीतों पर लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया जाएगा। श्री गुप्ता ने बताया कि यह समारोह शनिवार को सुबह 10 बजे शुभारंभ होगा। उन्होंने कहा कि समारोह को रोचक और भव्य बनाने के लिए कालेज परिसर को भव्य तरीके से सजाया गया है। समारोह के इस मौके पर श्री गुप्ता ने क्षेत्र के सभी गणमान्य नागरिकों एवं अभिभावकों को उक्त निर्धारित समय पर पहुंचने और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग करने की अपील किया है।

### सराहनीय कार्यों के लिए कांस्टेबल सम्मानित हुए



**नैनी।** नैनी क्षेत्र में सुमित्रा देवी ग्रामीण सेवा संस्थान के तत्वावधान में सराहनीय कार्यों के लिए कांस्टेबल दीपक कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह संस्थान के कार्यालय नंदन तालाब नैनी में आयोजित किया गया। कांस्टेबल दीपक कुमार गुप्ता पूर्व में चौकी अरेल नैनी में सिपाही पद पर कार्यरत रहे हैं और वर्तमान में जेल चौकी में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। अपने कर्तव्यकाल के दौरान उन्होंने कोरोना काल तथा महाकुंभ जैसे महान पर्व पर गरीबों और जरूरतमंदों की सेवा कर मानवीय संवेदनशीलता का परिचय दिया। उनके उत्कृष्ट कार्यों को देखते हुए संस्थान द्वारा उन्हें सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पूर्व कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख संजय श्रीवास्तव ने दीपक गुप्ता को सम्मानित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने पद पर रहते हुए निस्वार्थ भाव से समाज की सेवा की है जो अन्य लोगों के लिए प्रेरणास्त्रोत है। इस अवसर पर सामाजिक कार्यकताओं ने पुष्पगुच्छ भेंट कर दीपक गुप्ता का अभिनंदन किया। समारोह में अजय श्रीवास्तव, गुलाब कुशवाहा, बाबूजी यादव, नीरज शर्मा एवं उमेश सेन सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### लेप्रोसी मिशन चौराहे के पास सड़क हादसे में युवक की मौत



**नैनी।** नैनी क्षेत्र के लेप्रोसी मिशन चौराहे के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार गुड़ मंडी चौक प्रयागराज निवासी दिलीप केसरवानी अपनी दोपहिया वाहन से एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए नैनी स्थित एक गेस्ट हाउस जा रहे थे। उनकी पत्नी मधु केसरवानी अपने तीन बच्चों के साथ बैटरी रिक्शा से पीछे आ रही थीं। इसी दौरान लेप्रोसी मिशन चौराहे पर एक तेज रफ्तार और अनियंत्रित डंपर ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दिलीप केसरवानी की मौके पर ही मृत्यु हो गई। दुर्घटना के बाद डंपर चालक फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पत्नी मधु केसरवानी ने थाना नैनी में तहरीर देकर उचित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर दोषी चालक के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस डंपर चालक की तलाश की जा रही है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। मृतक अपने परिवार का एकमात्र सहारा था। घटना के बाद परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## दूल्हे को आया मिर्गी का दौरा, बिफर पड़ी वधू, बिन दुल्हन प्रतापगढ़ लौटी बरात

**प्रयागराज।** सात फेरे लेने के बाद दूसरे दिन विदाई का समय आया। अचानक भात खाने की परंपरा निभाने के लिए आंगन में दूल्हा पहुंचा ही था कि वह जमीन पर गिरकर तड़पने लगा। उसे मिर्गी का दौरा आया था। यह देख घराती स्तब्ध रह गए और इसकी जानकारी मिलते ही दुल्हन ने दूल्हे के साथ जाने से मना कर दिया। हंसी-खुशी के माहौल में उदासी छा गई और बिन दुल्हन बरात वापस लौट गई। बहरिया क्षेत्र के एक गांव की युवती का रिश्ता प्रतापगढ़ के पट्टी क्षेत्र के एक गांव के लड़के से तय हुआ था। गुरुवार की रात धूमधाम से बरात आई। द्वारचार हुआ और बारातियों ने भोजन प्रसाद का आनंद लिया। रात में धूमधाम से जयमाल कार्यक्रम हुआ और सात फेरे के साथ परंपरा का निर्वहन हुआ। वहीं शुक्रवार की सुबह दूल्हा जब भात खाने आया, तो उसे मिर्गी का दौरा पड़ा और वह आंगन में गिरकर तड़पने लगा। यह देखकर दुल्हन के परिवार वाले सकते में आ गए। युवती को पता चला तो उसने इस शादी से इन्कार करते हुए दूल्हे के साथ जाने से मना कर दिया। इसके बाद दोनों पक्षों के बीच बातचीत हुई और आपसी समझ से शादी को निरस्त मान लिया गया। बराती दुखी मन से बिन दुल्हन वापस प्रतापगढ़ लौट गए।

# यमुना घाटों पर छापेमारी कर लगाया जुर्माना, इस बार की होली मजदूरों की फीकी, सभी घाटों के रास्ते को जेसीबी से गड्ढा किए गए



लालापुर क्षेत्र के यमुना घाटों की जांच करते अधिकारी




**अखंड भारत संदेश**

**लालापुर।** क्षेत्र के यमुना घाटों पर शुक्रवार दोपहर अधिकारियों की फौज घाटों छापेमारी की तो मजदूरों में हड़कंप मच गया।अधिकारियों की फौज देख यमुना घाटों पर मौजूद खनन कार्य में लगे लोग घाट से भाग खड़े हुए।जिसका असर सूखी रेत लदने वालों मजदूरों में इस होली के रंग फीकी पडती दिखी।जिलाधिकारी प्रयागराज के निर्देश पर गुरुवार को खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी विभागीय कर्मचारियों एवं थानाध्यक्ष लालापुर अनुभव सिंह की टीम के साथ दोपहर लगभग बारह बजे लालापुर क्षेत्र के यमुना घाट सेमरी पहुंचे और पट्टा क्षेत्र में हो रहे खनन की जांच किया। इसके बाद टीम यमुना प्रतापपुर पीपा पुल से यमुना पार कर प्रतापपुर, भीलोर, नौडिया तरहार, अमिलिया, माझीयारी मानपुर, भभौर, सहित आदि घाटों का निरीक्षण किया।यमुना घाटों पर कोई नाव व बोट नहीं मिली। टीम ने यमुना घाट तक जाने वाले रास्ते को जेसीबी मशीन लगाकर बंद करा दिया। खनन इंस्पेक्टर वैभव सोनी ने बताया कि सेमरी घाट के पट्टेधारक द्वारा मानक के अनुरूप खनन करने पर तीस से चालीस लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।

## नागरिक पीजी कॉलेज जंघई रोजगार मेला में 75 युवाओं को मिली नौकरी



**अखंड भारत संदेश**

**जंघई।** एसआईएस ग्रुप द्वारा नागरिक स्नात्तकोत्तर महाविद्यालय जंघई में दो दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन गुरुवार, शुक्रवार को किया गया। रोजगार मेला के अंतिम दिन शुक्रवार को कुल 35 महिला/पुरुष अभ्यर्थियों का नागरिक सुरक्षा से संबंधित सुविख्यात लिमिटेड कंपनी एसआईएस में चयन हुआ। प्रथम दिन 40 अभ्यर्थियों का चयन हुआ था इस तरह दो दिवसीय रोजगार मेले मे कुल 75 महिला/पुरुष अभ्यर्थियों का चयन हुआ। इसके पूर्व भी महाविद्यालय में आयोजित अन्य रोजगार मेले मे महाविद्यालय के बीएससी गणित वर्ग के विद्यार्थियों का चयन हिंडाल्कों कंपनी में हुआ था। यह रोजगार मेला महाविद्यालय के संरक्षक प्रबंधक पंडित परशुराम त्रिपाठी के मार्गदर्शन एवं महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ नीरज के निर्देशन एवं संयोजक डॉ आनंद कुमार श्रीवास्तव ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेल, एसआईएस भर्ती अधिकारी वीके सिंह गौतम एवं सतेंद्र की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

## होली और रमजान माह को लेकर मऊआइमा थाना में पीस कमेटी बैठक





**मऊआइमा।** गुरूवार को मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में एसीपी फूल पुर विवेक यादव ने कहा कि होली के दिन शराब पीकर बाइक न चालाएं।यदि पकडे गए तो वाहन सीज कर दिया जाएगा।उस दिन कोई शिफारिश नहीं सुनी जाएगी। त्योहार को हर्षोल्लास शांति पूर्वक मनाएं। एसीपी ने कहा कि पर्व भाई चारा आपसी सौहार्द से वातावरण में मनाएं। उन्होंने आए हुए लोगों से अपील किए कि वह अवैध जहरीली शराब बनाने वालों के बारे में बताएं। उन्होंने कहा कि कुछ स्थानों पर होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद है जिसे सुलझा लिया जाएगा। पीस कमेटी में आए बिजली विभाग के उप खंड अधिकारी बहादुर सिंह ने लोगों से अपील किए कि वह बिजली के तारों और खम्बों के पास होलिका दहन न करें तथा कपडा फाड होली पर तारों पर कपड़े न फेंकें यह जानलेवा हो सकता है। उन्होंने कहा कि उनका प्रयास रहेगा कि वह त्योहारों पर शत प्रतिशत बिजली आपूर्ति पर्व पर जारी रहे।

पीस कमेटी की बैठक में चेयरमैन शोएब अंसारी, जिला पंचायत सदस्य कमरूल हसन, ग्राम प्रधान अशोक विश्वकर्मा, गुड्डू, इफ्तिखार अहमद, बचऊ, राम आसरे पटेल, अमजद अली, चन्द्र सेन यादव , कौशर गयास, सुरेश कुमार, धर्मेंद्र कुमार, निमीष खत्री, हकीम उद्दीन, सरवर हुसैन, सन्ने भारत यादव आदि मौजूद रहे।

# पेयजल हेतु पूर्वजों के समय से बने कुआं पर दबंगों का अवैध कब्जा पानी के ग्रामीण परेशान

एसडीएम मेजा के सख्त आदेश के बाद भी आज तक स्पॉट पर नहीं पहुंची मेजा पुलिस, बूंद बूंद पानी के लिए परेशान हैं दरी गांव के आदिवासी परिवार, सीएम और डीएम को भेजा शिकायती पत्र लगाई न्याय की गुहार

**अखंड भारत संदेश**



**मेजा।** पेयजल की भीषण समस्या के मद्देनजर विकास खंड मेजा के दरी गांव में पूर्वजों के जमाने से एक गरीब आदिवासी के स्वयं की आबादी की भूमि में बने कुएं के चारों तरफ कथित दबंगों द्वारा अवैध ढंग से दीवाल बनाकर कुएं पर पानी भरने आने जाने वाले ग्रामीणों का रास्ता बंद किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। शिकायत कर्ता दयाशंकर आदिवासी ने जनहित में एसडीएम मेजा लिखित शिकायती पत्र देकर कुएं के चारों ओर अवैध रूप से बनी दीवाल गिरवाने और अतिक्रमण कर्ता दबंगों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी दयाशंकर आदिवासी पुत्र स्व. रामकैलश उर्फ कालू ने एसडीएम मेजा को दिए गए शिकायती पत्र में इस बात का उल्लेख करते हुए लिखा है कि वह और उसके आस पास के लोग बेहद गरीब हैं और पीने के पानी का एक मात्र उसके पूर्वजों द्वारा लगभग 50 वर्ष पूर्व स्वयं की आबादी की भूमि में बनाया गया कुआं ही सहारा है जिसे उसके गांव के ही दबंग एव अपराधी किस्म के व्यक्ति गेंदलाल व सुरेश चंद्र पुत्रगण स्व. रामनरेश अपनी अपनी गुंडई एवं दबंगई से जबरन उक्त कुएं के चारों तरफ दीवाल बना लिए हैं और उसका तथा अन्य ग्रामीणों का कुएं पर पानी भरने के लिए आने जाने का रास्ता बंद कर दिए हैं जिसके कारण उसके परिजनों और गांव के अन्य लोगों तथा मवेशियों के समक्ष पानी का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। गौरतलब है कि प्रकरण की गंभीरता और पानी जैसे बुनियादी आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम मेजा सुरेंद्र प्रताप यादव ने मेजा पुलिस को मौके पर जाने और अतिक्रमण कताओं के खिलाफ कार्यवाही किए जाने हेतु कड़े आदेश निर्देश भी दिए थे किंतु एसडीएम मेजा के आदेशों को न मानने वाली मेजा पुलिस उल्टा दबंगों के नाजायज प्रभाव एवं प्रलोभन में आकर आज तक मौके पर नहीं पहुंची कार्यवाही करना तो दूर की बात रही। हालांकि उच्चाधिकारियों के आदेशों की अवहेलना करने वाली मेजा पुलिस की कार्यशैली से पानी के लिए परेशान गरीब आदिवासी परिवारों ने सूबे के मुखिया बुलडोजर बाबा और जिले के डीएम के अलावा कई अन्य अधिकारियों को इस भीषण समस्या के मद्देनजर जरिए डाक शिकायती पत्र भेजकर समाधान कराए जाने की गुहार लगाई है।

## मेजा बार कार्यालय में निर्वाचन सत्र 2026-27 के मद्देनजर आवश्यक बैठक आयोजित

### बैठक में चुनाव संबंधी समस्याओं और उसके समाधान को लेकर की गई गहन मंत्रणा

**मेजा।** बार एसोसिएशन मेजा के निर्वाचन सत्र 2026-27 के भावी अध्यक्ष,मंत्री प्रत्याशियों, एवं वरिष्ठ सदस्यों तथा कार्यकारी अध्यक्ष व मंत्री की आवश्यक बैठक मेजा बार कार्यालय में आयोजित की गयी जिसमें चुनाव संबंधी समस्याओं एवं उसके निराकरण पर गहन मंत्राणा की गयी। उक्त आशय की जानकारी निर्वाचन अधिकारी आनंद कुमार पांडेय ने देते हुए बताया कि बार एसोसिएशन मेजा द्वारा जारी मतदाता सूची की प्रतिलिपि भावी प्रत्याशियों को उपलब्ध कराने और उस पर आपत्ति प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि 7 मार्च 2026 निश्चित की गयी। उन्होंने कहा कि निर्वाचन मंडल एवं बार एसोसिएशन भेजा द्वारा अन्तिम मतदाता सूची 12 मार्च 2026 को तैयार की जाएगी जिसका प्रकाशन 13 मार्च 2026 को किया जाएगा और 16 मार्च 2026 को चुनाव सत्र 2026-27 का कार्यक्रम घोषित किया जाएगा। इस मौके पर निर्वाचक मंडल के सहायक निर्वाचन अधिकारी हीरालाल मिश्र (मधुप), मुनेश्वर प्रसाद शुक्ल, दुर्गेश चंद्र तिवारी, बैजनाथ यादव, श्रीकान्त तिवारी, नरेन्द्र कुमार त्रिपाठी, हरीशंकर मिश्र, अनिल कुमार यादव, मनोज कुमार शुक्ल तथा संजय मिश्र आदि के अलावा कई अन्य जूनियर एवं सीनियर अधिवक्तागण प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मंत्री पद के सम्भावित प्रत्याशीगण उपस्थित रहे। इस दौरान सभी पदों के भावी प्रत्याशियों ने चुनाव संबंधी समस्या एवं उसके निदान हेतु लिखित पत्र भी निर्वाचक मंडल को सौंपी है।

## सैदाबाद में तरावीह की नमाज में उमड़ा जनसैलाब

**उतरांव।** सैदाबाद के इनायत पट्टी गौसनगर स्थित मस्जिद में रमजान के पाक महीने के दौरान एक खास रूहानी माहौल देखने को मिला। यहां हाफिज जीशान ने महज सात दिनों में मुकम्मल कुरान शरीफ सुनाकर तरावीह की नमाज को मुकम्मल कराया। इस मौके पर बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने तरावीह की नमाज अदा की और मस्जिद इबादतगुजारों से खचाखच भरी रही। रमजान के मुबारक महीने में जहां मुसलमान रोजा रखकर इबादत करते हैं, वहीं तरावीह की नमाज की खास अहमियत होती है। इनायत पट्टी गौसनगर की मस्जिद में हर रोज रात को बड़ी तादाद में लोग इकट्ठा होते रहे। हाफिज जीशान की खूबसूरत और दिल को छू लेने वाली तिलावत ने नमाजियों को भावविभोर कर दिया। सातवें दिन कुरान मुकम्मल होने पर मस्जिद में खास दुआ का आयोजन किया गया, जिसमें मुल्क और कौम की सलामती, अमन-चैन और खुशहाली की दुआएं मांगी गईं। स्थानीय लोगों ने बताया कि इतनी कम अवधि में मुकम्मल कुरान सुनाना काबिले-तारीफ है। हाफिज जीशान की मेहनत और लगन की सभी ने सराहना की।

# राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत विद्यार्थियों का एक्सपोजर विजिट, प्लैनेटेरियम और आनंद भवन का कराया भ्रमण

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** परिषदीय उच्च प्राथमिक एवं संविलयन विद्यालयों के कक्षा 6 से 8 तक के छात्र-छात्राओं के लिए गुरुवार को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी प्रतिभा सिंह ने की। इसमें शिक्षक, एआरपी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरूआत नगर संसाधन केंद्र सीपीआई से हुई, जहां सभी विद्यार्थी एकत्रित हुए। खंड शिक्षा अधिकारी ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के लोगो वाली टी-शर्ट और कैप वितरित की। साथ ही जूट बैग में कॉपी, पेन, फल और अन्य आवश्यक सामग्री दी गई। इसके बाद विद्यार्थियों को दो बसों से भ्रमण के लिए रवाना किया गया। शिक्षकों और एआरपी को बच्चों की सुरक्षा और देखरेख की जिम्मेदारी सौंपी गई।

सबसे पहले विद्यार्थियों को जवाहर तारामंडल ले जाया गया, जहां उन्हें ग्रह-नक्षत्र और खगोल विज्ञान से जुड़ी जानकारी दी गई। इसके बाद दल को ममफोर्डगंज स्थित नेशनल साइंस एकेडमी की गंगा गैलरी का भ्रमण कराया गया। यहां विद्यार्थियों को गंगा नदी के उद्गम, विभिन्न राज्यों से उसके प्रवाह, उपयोगिता तथा प्रदूषण संबंधी पहलुओं की जानकारी दी गई। साथ ही बीओडी (बायोलॉजिकल ऑक्सीजन डिमांड) और डीओ (डिसॉल्व ऑक्सीजन) के बारे में भी समझाया गया।

दोपहर में भोजनावकाश के बाद विद्यार्थियों को आनंद भवन स्थित संग्रहालय का भ्रमण कराया गया, जहां उन्हें ऐतिहासिक तथ्यों और संग्रहालय की विशेषताओं से अवगत कराया गया। भ्रमण के उपरांत सभी छात्र-छात्राओं को पुनः नगर संसाधन केंद्र लाया गया, जहां से वे अपने-अपने विद्यालयों के शिक्षकों के साथ सकुशल घर लौटे।

कार्यक्रम को सफल बनाने में एआरपी मनोज कुमार पांडेय सहित डॉ. स्मिता श्रीवास्तव, दीपा कुशवाहा, अंशु, असद, राशिद महमूद, दीप्ति श्रीवास्तव, मधुलिका यादव, शिवानी जायसवाल, सुधा, सीमा सिंह, संध्या, बबीता कैथवास और ललिता तिवारी का सहयोग रहा।

# लोक अदालत से शीघ्र, सुलभ व सक्षम न्याय : शाम्भवी

**अखंड भारत संदेश**




**प्रतापगढ़।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के एक्शन ऑफ प्लान के तहत विधिक साक्षरता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन उच्च प्राथमिक विद्यालय मढ़रामऊ में किया गया जिसमें सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शाम्भवी द्वितीय के द्वारा उपस्थित जन समूह को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा संचालित कार्यक्रमों को कार्यक्रमों के बारे में बताया गया। तहसील पट्टी के अंतर्गत तीन लीगल एड क्लीनिक आसपुर देवसरा, पट्टी, बाबा बेलखरनाथ धाम में स्थापित है, जहां पर किसी भी वाद या शिकायत के संबंध में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किए जा सकते हैं, मध्यस्थता से जुड़े मामले के निस्तारण के लिए मध्यस्थता केंद्र स्थापित है, विवाद से पूर्व प्रिलिगेशन की व्यवस्था है, जिसमें व्यक्ति आपसे सुबह समझौते के आधार पर मामलों का निस्तारण कर सकते हैं, ठीक उसी तरीके से वाद दर्ज होने के बाद राष्ट्रीय लोक अदालत के माध्यम से अपने वाद का निस्तारण आपसी सुलह समझौता के आधार पर कर सकते हैं। खंड शिक्षा अधिकारी सुशील त्रिपाठी ने बताया कि परिषदीय विद्यालय आधुनिक विद्यालय के रूप में विकसित हो रहे हैं हमारे पास सुयोग्य अध्यापक, आधुनिक भवन, स्वच्छ वातावरण में बच्चों को उत्तम शिक्षा प्रदान की जा रही है, जहां एक से आठ तक के बच्चों को निशुल्क अनिवार्य रूप से शिक्षा प्रदान की जा रही है, बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए हर समय निरंतर प्रयास किया जाता है। पैनल अधिवक्ता इंद्र प्रकाश तिवारी ने बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है चाहे वह गरीब हो निधन हो असहाय हो महिला हो या आश्रित लोगों सभी को निशुल्क विधि सहायता प्रदान की जाती है। सुनील कुमार प्रभाकर ने बताया कि सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाएं जन्म के पूर्व से लेकर मृत्यु के बाद तक की योजनाएं सरकार चल रही है जो सीधे लाभार्थियों को जोड़ती है। राम प्रकाश पांडे पीएलबी ने महिलाओं रोजगार से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो सकती हैं। हृदय राम मौर्य एडीओ आर डी द्वारा उपस्थित अतिथियों का आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम का संचालन मुनीन्द्र प्रताप भारती प्रभारी लीगल एड क्लिनिक आसपुर देवसरा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायालय प्रतापगढ़ द्वारा किया गया। कार्यक्रम में रविंद्र कुमार यादव प्रधानाध्यापक, अशोक यादव ग्राम प्रधान, अखिलेश यादव पीएलवी कुसुम, रवि शीला, पैनल अधिवक्ता बसंतलाल ,मनोज कुमार सोनकर, जेइ लघु सिंचाई आनंद भूषण, विशाल त्रिपाठी,सोनू ,सुनील, गोविंद ग्राम विकास अधिकारी, मोतिमनी उपस्थित रहे।



## उर्जा मंत्री के निर्देश पर एक मुश्त समाधान योजना कैम्प में पहुंचे सहायक अभियंता

**बेलखरनाथ धाम।** ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर शुक्रवार को लखनऊ से विद्युत विभाग के सहायक अभियंता एक मुश्त समाधान योजना की हकीकत खंगालने पहुंचे। जहां उन्होंने कैम्प में उपभोक्ताओं से बात कर उनके समस्याओं के निस्तारण का दिशा निर्देश विद्युत अधिकारियों को दिया। आसपुर देवसरा विद्युत उपखंड के अंतर्गत सैफाबाद ,ढिढुई विद्युत उपकेंद्र पर एक मुश्त समाधान योजना की हकीकत खंगालने ऊर्जा मंत्री के निर्देश पर शुक्रवार को विशेष कार्याधिकारी विद्युत अधिकारी मुकेश सिंह सहायक अभियंता पहुंचे जहां उन्होंने ने विद्युत कैम्प में उपभोक्ताओं से इसका लाभ प्राप्त करने की अपील की तथा उपभोक्ताओं के समस्या को गंभीरता से निस्तारण करने का दिशा निर्देश अधिकारियों को दिया।इस दौरान अधिशाषी अभियंता एसडीओ उत्कर्ष नन्द,अवर अभियंता मनोज कुमार, लिपिक राहुल पांडेय, प्रवीण पांडेय, शैलेश सिंह सहित कई लोग मौजूद रहे।

## न्यूज झरोखा

### मैजिक डाला पलटा, बाल-बाल बचा चालक



**बेलखरनाथ धाम।** अनियंत्रित मैजिक डाला सड़क किनारे अचानक पलट गया। गनीमत रही कि इस दौरान कोई हादसा नहीं हुआ।कंधई थाना क्षेत्र के कहैनिया निवासी अनन्त कुमार मैजिक डाला लेकर शुक्रवार सुबह 9 बजे दिलीपपुर थाना क्षेत्र के नौहर हुसैनपुर गांव में लकड़ी लादकर जा रहा था। जैसे ही वह चिलबिला पट्टी सड़क बीरमऊ विशुन दत्त गांव के समीप पेट्रोल पंप के सामने पहुंचा अचानक ब्रेक लगने से मैजिक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पलट गई।गनीमत रही कि चालक अनंत कुमार को हल्की खरोच आई। मैजिक पलटने से सड़क पर आधे घंटे तक जाम लगा रहा। स्थानीय लोगों की मदद से चालक को बाहर निकाला गया और सड़क पर बिखरी लकड़ी हटाने के बाद यातायात बहाल हो सका। इस संबंध में चैकी प्रभारी दीवानगंज दीपक कुमार ने बताया कि मौके पर पुलिस पहुंच कर जाम खुलवाया गया। किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है।

### राष्ट्रीय ग्रामस्वराज अभियान योजन के तहत आयोजित हुआ प्रशिक्षण शिविर




**कुंडा।** विकासखंड बिहार परिसर में शुक्रवार को राष्ट्रीय ग्रामस्वराज योजनांतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना का एकदिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम के दौरान ट्रेनरों ने ग्राम विकास योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विकसित ग्रामपंचायत कैसे होती है इस संदर्भ में विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान विकासखंड से एडीओ पंचायत बिहार बृजेश सिंह, ग्राम प्रधान, ग्राम विकास/ पंचायत अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी पंचायत, पंचायत सहायक तथा स्वच्छताग्रही संघ के जिलाध्यक्ष प्रशांत सोहगौरा उपस्थित रहे।

### वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**कुंडा।** विकास क्षेत्र कुंडा के पूरे धनऊ चैराहा पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा नई बाजार द्वारा वित्तीय एवं डिजिटल साक्षरता जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) की वित्तीय समावेशन निधि के अंतर्गत प्रायोजित था तथा बैंक के क्षेत्रीय कार्यालय के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेन-देन, बचत की आदत, सरकारी योजनाओं और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। उपस्थित अधिकारियों ने बताया कि आज के डिजिटल युग में सुरक्षित और पारदर्शी लेन-देन के लिए मोबाइल बैंकिंग, यूपीआई, एटीएम और अन्य ऑनलाइन सेवाओं की जानकारी होना अत्यंत आवश्यक है। साथ ही ग्रामीणों को धोखाधड़ी से बचाव के उपाय भी बताए गए। सहायक शाखा प्रबंधक कंचन वर्मा ने वित्तीय समावेशन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हर व्यक्ति का बैंक खाते से जुड़ना आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है। वीएलई शिव मोहन यादव समेत अन्य वक्ताओं ने डिजिटल भुगतान के लाभ और सावधानियों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कुलदीप कुमार विश्वकर्मा, अजय यादव, संदीप कुमार मौर्य, विजय कुमार, मुन्ना मौर्या, पप्पू यादव, शिव लाल साहू, मनोज कुमार गुप्ता, नारायण साहू, विजय प्रताप, हरवंश पटेल, अभिषेक सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा पर दिया गया जोर



**लालगंज।** ब्लाक संसाधन केंद्र लालगंज में शुक्रवार को हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बेसिक शिक्षा विभाग एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश सिंह द्वारा मां सरस्वती की चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलन से कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि ने प्रारंभिक शिक्षा को बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की नींव बताया। उन्होनें कहा कि निपुण भारत मिशन का लक्ष्य बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान विकसित करना है। मुख्य अतिथि ने शिक्षकों से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में अतिथि एडीओ पंचायत विमलेश मिश्र ने बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा की मजबूती पर जोर दिया। एआरपी ऋषि द्विवेदी ने कार्यक्रम का संचालन किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र, मंत्री विष्णु सिंह, आशीष द्विवेदी, शैलेष गुप्ता, पंकज मिश्र, मनीषचंद्र पाण्डेय, विशाल सिंह, संदीप सिंह, एसपी त्रिपाठी, आशीष मिश्र, राजाराम सरोज, संजय सरोज आदि मौजूद रहे।

### भांजी की ससुराल से लाखों के आभूषण लेकर मामा हुआ चंपत

**पट्टी।** भांजी की ससुराल में मिलने आया मामा व उसका बेटा लाखों के सोने चांदी के आभूषण लेकर फरार हो गया। पीड़िता ने थाने पर प्रार्थना पत्र दिया है।
बेसार गांव निवासी पंकज चैरसिया की शादी हाल ही में कोमल के साथ संपन्न हुई है। कोमल अधिकतर अपने मामा हरिशंकर चैरसिया निवासी लंभुआ जनपद सुल्तानपुर के यहां रहती थी। शुक्रवार की सुबह मामा हरिशंकर व उसका बेटा लाल साहब मिलने के लिए कोमल की ससुराल आए। शादी में दिए गए सोने चांदी के गहने को दिखाने की बात कही। कोमल ने सोने चांदी के गहनों से भरा बैग मामा हरिशंकर के सामने रखा और उनके लिए चाय लेने के लिए कमरे में चली गई। लौट कर आई तो देखा कि मामा व उसका बेटा दोनों घर से गायब थे। फोन लगाने के बाद भी मामा उसका फोन नहीं उठा रहा था। आसपास काफी खोजबीन के बाद भी जब मामा का कहीं नहीं पता चला तो कोमल अपने पति पंकज के साथ दोपहर करीब ढाई बजे गहनों की रसीद लेकर पट्टी कोतवाली आई। पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## सौ वर्ष पुराना विवाद सुलझा, आपसी सहमति से खुला विकास का रास्ता

**पट्टी।** नगर पंचायत रामगंज के सैलखा ग्राम सभा की यादव बस्ती में लंबे समय से चला आ रहा विवाद आखिरकार आपसी सहमति से समाप्त हो गया। बताया जाता है कि यह मामला कई पीढ़ियों से चला आ रहा था, जिसके कारण गांव में तनाव की स्थिति बनी रहती थी और विकास कार्य भी प्रभावित हो रहे थे।

नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह की पहल पर दोनों पक्षों को एक साथ बैठाकर वार्ता कराई गई। बैठक में सभी पक्षों की बातें गंभीरता से सुनी गईं और आपसी संवाद के माध्यम से समाधान का रास्ता निकाला गया। काफी देर चली चर्चा के बाद दोनों पक्ष सहमति पर पहुंचे और विवाद समाप्त करने का निर्णय लिया। विवाद सुलझने के बाद ग्रामीणों ने एक-दूसरे को गले लगाकर सौहार्द का संदेश दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से चले आ रहे मनमुटाव के कारण सामाजिक संबंधों में कड़वाहट आ गई थी और कई विकास कार्य बाधित थे। अब माहौल शांत होने से गांव में विकास की नई संभावनाएं खुलेंगी।

नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह ने कहा कि क्षेत्र में शांति और समरसता बनाए रखना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने सभी ग्रामीणों से आपसी भाईचारा बनाए रखने और विकास कार्यों में सहयोग करने की अपील की। ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि आगे भी इसी तरह संवाद के माध्यम से समस्याओं का समाधान होता रहेगा।

## ग्राम चौपाल में चकबन्दी प्रक्रिया पर किसानों ने जताया संतोष

**अखंड भारत संदेश**



**प्रतापगढ़।** चकबन्दी आयुक्त उत्तर प्रदेश लखनऊ के निदेशों के क्रम में 26 फरवरी को तहसील लालगंज के ग्राम पूरे निर्मलगिरधर में ग्राम चौपाल का सफल आयोजन किया गया। चौपाल में चकबन्दी प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई तथा किसानों की समस्याओं का मौके पर ही निस्तारण किया गया। चौपाल में चकबन्दी अधिकारी लालगंज अविनाश कुमार पाण्डेय, सहायक चकबन्दी अधिकारी रेहुआलालगंज आनन्द कुमार, चकबन्दीकर्ता श्रीधर यादव, चकबन्दी लेखपाल सुनील कुमार चैहान, ग्राम प्रधानध्चकबन्दी समिति अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि ग्राम में उत्तर प्रदेश जोत चकबन्दी अधिनियम, 1953 की धारा-23 का प्रकाशन 19 फरवरी 2026 को किया जा चुका है। इससे पूर्व धारा-20 की कार्यवाही 22 जनवरी 2026 को पूर्ण की गई थी तथा 26 सितंबर 2025 को 22 सेक्टरों का निर्माण करते हुए प्रारंभिक चकबन्दी योजना तैयार की जा चुकी है। ग्राम चैपाल में उपस्थित किसानों ने धारा-7, 8, 9, 10, 20 एवं 23 के अंतर्गत अब तक की गई कार्यवाहियों पर संतोष व्यक्त किया और आगे की प्रक्रिया में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। चैपाल के दौरान उपस्थित लवकेश यादव द्वारा चक संख्या-34अ से संबंधित मृतक खातेदारी के वरासत प्रकरण में आवेदन प्रस्तुत किया गया, जिस पर सहायक चकबन्दी अधिकारी को धारा-12 के अंतर्गत नियमानुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए। संतोष कुमार मिश्रा (चक संख्या-282) द्वारा अपनी पत्नी के साथ जोड़ने के सम्बन्ध में अवगत कराया इस सम्बन्ध में आपत्ति धारा-21(1) के अंतर्गत चकबन्दी अधिकारी लालगंज के न्यायालय में विचाराधीन बताई गई। उपस्थित चकबन्दी अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि उनके न्यायालय में 4 अन्य कालबाधित चक आपत्तियां विचाराधीन है जिसके अतिशीघ्र निस्तारण हेतु ग्राम में ही ह्यग्राम अदालतह्न का आयोजन कर विचाराधीन आपत्तियां निस्तारित किये जाने हेतु चकबन्दी अधिकारी अविनाश कुमार पाण्डेय को निर्देशित किया गया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि नियमित बैठकें आयोजित कर किसानों की समस्याओं का त्वरित समाधान करें तथा धारा-24 के प्रकाशन की कार्ययोजना तैयार करते हुए 15 अप्रैल 2026 से चकों का सीमांकन एवं कब्जा परिवर्तन सुनिश्चित कराएं। कार्य में पूर्ण पारदर्शिता एवं गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया। चैपाल के उपरांत ग्राम पूरेरूप तहसील लालगंज के कृषकों को जोत चकबन्दी आकार पत्र-45 के उद्धरण भी वितरित किए गए। अंत में उपस्थित सभी कृषकों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए ग्राम चैपाल की कार्यवाही संपन्न की गई।

# राजा भैया ने सड़क का किया शिलान्यास

## 28 करोड़ की लागत से बनेगी 19 किमी सड़क

**अखंड भारत संदेश**




**कुंडा।** हीरागंज बाजार से कमासिन बाजार को जोड़ने वाली करोड़ो की लागत से बनने वाली सड़क का जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व कैबिनेट मंत्री, कुंडा विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने किया शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच हीरागंज बाजार में शिलान्यास किया।

बाबागंज और बिहार ब्लाक को जोड़ने वाली सड़क करीब 20 करोड़ की लागत से 19 किमी तक बनने वाली है। इस सड़क के बन जाने से इलाके के कई सारे गांव मुख्यमार्ग से जुड़ जाएंगे। हीरागंज रजबहा की पटरी पर बनने वाली इस सड़क के निर्माण होने से इलाके के लोगो को आवागमन में सुविधा के साथ समय की भी बचत होगी। इस दौरान राजा भैया ने जनसभा को भी संबोधित किया। सभा को संबोधित करते हुए राजा भैया ने अपने कार्यकताओं को इमारत की नींव बताया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र का विकास करने के साथ जनप्रतिनिधियों को अपने क्षेत्र में रहकर जनता की समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करना चाहिए। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि क्षेत्र का ऐसा कोई गांव नही होगा जहां पर जिला पंचायत से विकास न हुआ हो। अपनी पार्टी के जनप्रतिनिधियों के बारे में उन्होंने कहा कि वे हमेशा क्षेत्र में बने रहतें हैं। सड़क की गुणवत्ता पर ध्यान देने पर उन्होंने विशेष बल दिया। इस दौरान एमएलसी अक्षय प्रताप सिंह, विधायक विनोद सरोज, जिला पंचायत अध्यक्षा माधुरी देवी, कुलदीप पटेल, पार्टी के महासचिव कैलाश नाथ ओझा, पूर्व प्रमुख बाबागंज हितेश प्रताप सिंह उर्फ पंकज सिंह, वर्तमान प्रमुख मालती देवी, रामयश सरोज, हीरागंज व्यापार मंडल अध्यक्ष विनोद यादव, मनोज सिंह, पंकज यादव, मुकुंद यादव, दीपक तिवारी, अन्नू सिंह, अमित शुक्ला, राजेश यादव, ओमानंद द्विवेदी, अरविंद यादव, राहुल सरोज बी डी सी झींगुर, अमित शुक्ला रामनगर, के अतिरिक्त बिहार विकासखंड से पूर्व ब्लॉक प्रमुख प्रफुल्ल सिंह डब्बू, वर्तमान प्रमुख रामचंद्र सरोज, गयापाल सिंह कछवाह, बृजेश सिंह कमासिन, नीलमणि सिंह उमरी, पिंटू मिश्रा, महाराजपुर, सचिन शुक्ला भिटारा, पिंटू सिंह गोगौर, जनसत्ता दल के बिहार ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप शुक्ला, गणेश शुक्ला, बल्लू डॉन सहित हजारों की संख्या में पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सिविल लाइंस के चौकी प्रभारी का हुआ सम्मान



**प्रतापगढ़।** शहर के वीआईपी क्षेत्र सिविल लाइंस के चौकी प्रभारी उप-निरीक्षक अनुपम त्रिपाठी को उनके उत्कृष्ट कार्यों और सराहनीय योगदान के लिए शुक्रवार को सम्मानित किया गया। यह सम्मान शिवाला महोत्सव समूह की ओर से महोत्सव के आयोजक परमानंद मिश्र व संयोजक शिवेश शुक्ल एडवोकेट ने अधिवक्ताओं संग प्रदान किया। अधिवक्ताओं ने श्री त्रिपाठी को क्षेत्र में बेहतर पुलिसिंग व्यवस्था कायम रखने व अपराध नियंत्रण रखने हेतु लगातार प्रयासरत रहने एवं शिवाला महोत्सव पूरे ईश्वर नाथ में सुरक्षा व्यवस्था का पुख्ता इंतजाम बनाए रखने के लिए अंगवस्त्र व भगवान गौरीशंकर का चित्र भेंट कर उनका अभिनंदन सम्मान किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से जूनियर बार एसोसिएशन पुरातन के पूर्व महामंत्री अधिवक्ता दिनेश पाण्डेय, अधिवक्ता परिषद के महामंत्री शिवेश कुमार शुक्ल, समाजसेवी परमानंद मिश्र एडवोकेट, राजबली यादव, आशीष शर्मा, सुरेश, राकेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सेमिनार में अंतरिक्ष शिक्षा पर विस्तार से हुई परिचर्चा




**लालगंज।** नगर के अझारा स्थित भागवतदत्त स्नातकोत्तर महाविद्यालय में शुक्रवार को अंतरिक्ष विज्ञान की शिक्षा पर सेमिनार का आयोजन हुआ। भागवत दत्त महाविद्यालय एवं मौलवी फरजंद अली कॉलेज ऑफ लॉ के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सेमिनार में बतौर मुख्य अतिथि स्टेट क्वार्डिनेटर भारत नोडल सेण्टर इसरो प्रयागराज डॉ0 प्रभांशु कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन किया। मुख्य अतिथि डॉ0 प्रभांशु कुमार ने अंतरिक्ष विज्ञान के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होनें छात्र छात्राओं को बताया कि अंतरिक्ष विज्ञान केवल वैज्ञानिक उपलब्धियों सीमित नहीं है बल्कि इसका उपयोग संचार, मौसम, कृषि, आपदा प्रबन्धन, शिक्षा एवं राष्ट्रीय सुरक्षा से भी जुड़ा है। उन्होनें छात्र छात्राओं से ड्रोन, रॉकेट, उपग्रहों, अंतरिक्ष यात्रियों से सम्बन्धित महत्वपूर्ण जानकारियां साझा किया। मुख्य अतिथि ने अंतरिक्ष विज्ञान की शिक्षा को लेकर प्रेरित किया। वहीं प्रश्नोंत्तर सत्र में छात्र छात्राओं शिवसागर तिवारी, अंजली, सौरभ तिवारी, मोहित यादव, रितिक आदि ने अंतरिक्ष विज्ञान पर प्रश्न रखे। संरक्षक प्रकाशचंद्र मिश्र ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से छात्र छात्राओं में वैज्ञानिक चेतना जागृत होती है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह व अंगवस्त्र से सम्मानित किया। महाविद्यालय के संरक्षक रमेशचंद्र मिश्र, प्रबन्धिका सुनीता मिश्रा, गौरव मिश्र, रीमा मिश्रा, सीमा मिश्रा ने सेमिनार के आयोजन पर खुशी जतायी। कार्यक्रम का संयोजन प्राचार्य डॉ0 शारदा प्रसाद विश्वकर्मा तथा संचालन भूपेन्द्र सिंह ने किया। प्राचार्या डॉ0 पूनम त्रिपाठी ने आभार जताया। इस मौके पर तारा देवी इंस्टीट्यूट ऑफ एजुकेशन एण्ड टेक्नॉलाजी भेभौरा के प्राचार्य डॉ0 राहुल सिंह, डॉ0 लक्ष्मीकांत तिवारी, डॉ0 रेखा पाण्डेय, डॉ0 शालिनी शुक्ला, डॉ0 प्रतिमा उपाध्याय, डॉ0 अरविंद शर्मा, रामचंद्र पाण्डेय, ऋषिकेश पाण्डेय, रामकृष्ण शुक्ल, शुभम श्रीवास्तव आदि मौजूद रहे।

## होलिका दहन को लेकर सर्तकता बरत रही पुलिस

**प्रतापगढ़।** होलिका दहन पर शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस पूरी सर्तकता बरत रही है। सर्किल लालगंज अन्तर्गत थाना क्षेत्र में लालगंज में एक सौ उन्हत्तर, सांगीपुर में एक सौ बीस, उदयपुर सत्तर, लीलापुर में एक सौ बत्तीस समेत कुल चार सौ इक्यान्वे जगहों पर इस बार होलिका दहन किया जाएगा। दहन स्थलों की सुरक्षा को लेकर पुलिस पूरी मुस्तैदी से कार्य कर रही है। संवेदनशील व अति संवेदनशील होलिका दहन स्थलों को चिन्हित कर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। सीओ आशुतोष मिश्र ने बताया कि होलिका दहन को लेकर जहां भी कहीं समस्या थी उसका निस्तारण करा दिया गया है। शांति व्यवस्था को लेकर पूरी सर्तकता बरती जा रही है। शांति व्यवस्था में खलल डालने वाले अराजकतत्वों पर कडी कार्रवाई की जाएगी।

## राजकीय धान क्रय केन्द्रों की समयावधि बढ़ाए जाने को लेकर कृषि मंत्री को लिखा पत्र



**लालगंज।** क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही को पत्र लिखकर राजकीय धान क्रय केन्द्रों के संचालन की समयावधि बढ़ाये जाने की मांग उठाई है। शुक्रवार को कृषि मंत्री को लिखे पत्र में विधायक मोना ने कहा है कि प्रदेश में राजकीय धान क्रय की प्रक्रिया के तहत धान क्रय केंद्रों पर पिछले पहली नवंबर से अटठाईस फरवरी 2026 तक संचालित कराए जाने का आदेश पारित हुआ था। उन्होने विभागीय मंत्री का इस गंभीर मुददे पर ध्यानाकर्षण कराते हुए कहा है कि इस समयावधि के पूर्व ही धान क्रय केंद्रों का संचालन बंद कर दिया गया। उन्होने कहा कि इससे उनके निर्वाचन क्षेत्र रामपुरखास व गृह जनपद प्रतापगढ़ सहित प्रदेश के कई जिलों में अनेक किसानों का धान न्यूनतम समर्थन मूल्य पर क्रय नही हो सका है। उन्होने कहा कि केन्द्रों के अचानक बीच में ही बंद हो जाने से अनेक किसानो को कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कृषि मंत्री से कहा है कि इस मुददे पर वह विधानसभा सत्र में सदन के जरिए भी सरकार का ध्यानाकर्षण करा चुकी हैं। विधायक आराधना मिश्रा मोना ने सरकार से कहा है कि किसानों को आर्थिक नुकसान न हो इसके लिए राजकीय धान क्रय केंद्रों के संचालन की समयावधि में संशोधन करते हुए पुनः इसे यथोचित समय तक बढ़ाया जाना चाहिए। वहीं सीएलपी नेता आराधना मिश्रा मोना ने इस प्रकरण की सरकार से गंभीरतापूर्वक जांच कराते हुए प्रकरण सही पाए जाने पर दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरूद्ध समुचित कठोर कराए जाने की भी मांग उठाई है। उन्होने पत्र के जरिए विश्वास व्यक्त किया है कि कृषि मंत्री किसानों को आर्थिक नुकसान से बचाने के लिए क्रय केंन्द्रो की समयावधि बढ़ाए जाने पर अवश्य गंभीरतापूर्वक विचार करेंगे। विधायक मोना के द्वारा कृषि मंत्री को लिखे गये पत्र की जानकारी शुक्रवार को यहां मीडिया प्रभारी ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने जरिए विज्ञप्ति दी है।

## बाइक की टक्कर से छात्रा घायल

**पट्टी।** क्षेत्र के सरसतपुर मोड़ पर गुरुवार शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने कोचिंग सेंटर से घर लौट रही साइकिल सवार छात्रा को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। बाइक सवार नसीम उर्फ सरदार पुत्र स्व. जमालुद्दीन निवासी रामकोला, तेज गति से बाइक चला रहा था। इसी दौरान उसने साइकिल से घर लौट रही साक्षी पुत्री अजय कुमार उपाध्याय निवासी रायपुर को सामने से टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि छात्रा सड़क पर गिरकर घायल हो गई। घटना के बाद आसपास के लोगों ने तुरंत घायल छात्रा को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# एडीएम ने होली त्यौहार को सकुशल शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए अधिकारियों संभ्रांत नागरिकों के साथ की बैठक

अखंड भारत संदेश






**कौशांबी।** अपर जिलाधिकारी वि./रा.शालिनी प्रभाकर एवं अपर पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने उदयन सभागार में होली त्यौहार को सकुशल व शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए संबंधित अधिकारियों संभ्रांत नागरिकों के साथ बैठक की।अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से अब तक की गई कार्यवाहियों तैयारियों-पीस कमेटी की बैठक आदि की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सम्भ्रान्त नागरिकों से उनकी समस्याओं सुझावों को प्राप्त करते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल समस्याओं को निस्तारित करने के निर्देश दिए। सम्भ्रान्त नागरिकों ने कहा कि होली त्यौहार आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाएगा अपर जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारियों को जुलूस के दृष्टिगत कार्मिकों की ड्यूटी लगाने एवं कन्ट्रोल रूम स्थापित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि डी.जे. संचालकों के साथ बैठक कर उन्हें निर्देशित कर दिया जाय कि निर्धारित आवाज में ही डी.जे. बजाएं तथा आपत्तिजनक गाने न बजाएं। उन्होंने जिला आबकारी अधिकारी को अवैध शराब के विरूद्ध निरन्तर कार्यवाही करने तथा मुख्य चिकित्साधिकारी को सीएचसीपीएचसी वार चिकित्सकों की ड्यूटी लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने उप जिलाधिकारियो क्षेत्राधिकारियों एवं थाना प्रभारियों से कहा कि मिश्रित आबादी संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सतकर्ता बनाए रखी जाय,ताकि कोई अप्रिय घटना घटित न होने पाए। होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कराकर सभी आवश्यक कार्यवाही करा लिया जाय। उन्होंने कहा कि अगर कोई व्यक्ति जनपद की शान्ति एवं कानून व्यवस्था बिगाड़ने का प्रयास करता है तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी।अपर पुलिस अधीक्षक ने सभी से कहा कि त्यौहार को आपसी सौहार्द के साथ मनाया जाय। उन्होंने थाना प्रभारियों से कहा कि यह सुनिश्चित किया जाय कि जनपद में कहीं पर भी अवैध शराब की बिक्री न होने पाए। निरन्तर भ्रमणशील रहकर सतकर्ता से ड्यूटी किया जाय।बैठक में सभी उप जिलाधिकारी गण, क्षेत्राधिकारी गण एवं थाना प्रभारी गणों सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी तथा संभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

## चोरी के अभियुक्त को पश्चिम शरीरा पुलिस ने किया गिरफ्तार

**महेवाघाट कौशांबी** पश्चिम शरीरा थाना क्षेत्र के फताहीपुर गांव निवासी धरमपाल सिंह के घर में 12 फरवरी की रात चोरों ने घर में घुसकर ताला तोड़कर बक्सों व आलमारी में रखे सोने व चांदी के जेवरात,नगदी तथा मोबाइल फोन चोरी कर लिया थाना पर मु0अ0सं0 29/2026 धारा 331(2)/305(ए) बीएनएस पंजीकृत हुआ उपरोक्त क्रम में सीसीटीवी सर्विलांस की मदद से घटना के अनावरण एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा था कि इसी दौरान दिनांक 27.02.2026 को थाना पश्चिम शरीरा पुलिस ने मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित प्रकाश में आए वांछित अभियुक्त कन्धई लाल उर्फ बब्बू सरोज पुत्र नारायण निवासी दौलतपुर थाना मऊ जनपद चित्रकूट को गिरफ्तार किया अभियुक्त के कब्जे से चोरी का एक लॉकेट (पीली धातु), 5220 /- रू0 नगद व 01 मोबाइल फोन बरामद किया गया विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा गया हैं कड़ाई से पूछताछ करने पर गिरफ्तार अभियुक्त ने दो लोगों के साथ मिलकर चोरी करने का जुर्म कबूल किया है।

## न्यूज झरोखा

### संवेदनशील एवं प्रमुख होलिका दहन स्थलों का एसडीएम व सीओ ने भौतिक निरीक्षण



**कौशांबी।** थाना कौशाम्बी क्षेत्रान्तर्गत क्षेत्राधिकारी कौशीम्बी द्वारा उपजिलाधिकारी मंझनपुर के साथ आगामी पर्व होली के दृष्टिगत दिनांक 26.02.2026 को संवेदनशील एवं प्रमुख होलिका दहन स्थलों तथा रंगोत्सव से संबंधित चिन्हित स्थानों का संयुक्त रूप से भौतिक निरीक्षण किया गया।निरीक्षण के दौरान सुरक्षा व्यवस्था बैरिकेडिंग प्रकाश व्यवस्था अग्निशमन संसाधन तथा पुलिस बल की तैनाती के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। संबंधित अधिकारियों कर्मचारियों को निर्देशित किया गया कि सभी संवेदनशील स्थलों पर सतर्क दृष्टि रखी जाए एवं किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए इसके उपरांत गांव में पैदल गश्त कर आमजन को सुरक्षा का विश्वास दिलाया गया तथा आपसी सौहार्द एवं शांति के साथ पर्व मनाने की अपील की गई। साथ ही स्पष्ट रूप से चेतावनी दी गई कि अफवाह फैलाने,हुड़दंग करने अथवा कानून-व्यवस्था भंग करने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

### परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को घुमाया गया तारामंडल और कंपनी बाग



**हररायपुर कौशांबी** विकासखंड मूरतगंज के परिषदीय विद्यालयों में अध्यनरत छात्र-छात्राओं को दिनांक 27 फरवरी 2026 को राष्टीय आविष्कार अभियान योजना के अंतर्गत एक्सपोजर विजिट कराया गया जिसके अंतर्गत कल चयनित 100 बच्चों को बस के द्वारा प्रयागराज ले जाया गया जिसमें खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज श्रीमती हीना सिद्दीकी ने बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया बस के द्वारा बच्चों को सर्वप्रथम कंपनी गार्डन ले जाया गया जहां पर उन्हें ऐतिहासिक घटनाओं के बारे में जानकारी दी गई साथ ही आनंद भवन के तारामंडल में बच्चों को घुमाया गया जिससे विज्ञान के प्रति छात्राओं में रुचि जागृत हो बच्चे ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक स्थल को देख कर प्रसन्न हुए तथा उनके अंदर जिज्ञासा की भावना उत्पन्न हुई सभी बच्चों को नाश्ता एवं खाना की व्यवस्था की गई भ्रमण के दौरान कार्यक्रम देखकर सभी बच्चे प्रसन्न हुए और अंत में बच्चों को उनके गंतव्य तक पहुंचाया गया इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी मूरतगंज हिना सिद्दीकी एआरपी शशिकला प्रशांत त्रिपाठी आलोक द्विवेदी अमरदीप जितेंद्र फिरदौस फातिमा रोजी रानी दिलीप वर्मा आदि शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### ट्रैक्टर चालक ने बाइक सवार दम्पत्ति को मारी टक्कर, गंभीर घायल



**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली क्षेत्र के अटसराय हाइवे पर बाइक सवार दम्पत्ति को ट्रैक्टर चालक ने टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दम्पत्ति गंभीर घायल हो गए वही 2 बच्चे चोटिल हो गए घटनाक्रम के मुताबिक राजेंद्र पुत्र बल्लू निवासी अटसरई अपनी पत्नी वंदना और पुत्र शिवांश ,रियांश के साथ सैनी से घर जा रहे थे तभी विपरीत दिशा से आए ट्रैक्टर ने बाइक में टक्कर मार दी जिससे सभी बाइक सवार सड़क पर गिर कर घायल हो गए सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर घायलों पति राजेंद्र और वंदना को सिराथू अस्पताल में भती कराया जहां गंभीर स्थिति देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रिफर किया है वही पुलिस ट्रैक्टर और बाइक को कब्जे में लेकर विधिक कारर्वाई में जुट गई है।

### ट्रैक्टर से भिड़ा डीसीएम चालक घायल

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के आदर्श नगर पंचायत अझुवा हाइवे में बीती रात एक डी सी एम चालक ट्रैक्टर से भिड़ गया जिससे ट्रैक्टर पलट गया और डी सी एम चालक घायल हो गया।घटनाक्रम के मुताबिक सत्यम पटेल पुत्र रामप्रकाश निवासी मेढुआ सहसों प्रयागराज डी सी एम चालक है बीती रात गांव के साथी प्रदीप पुत्र मातादीन के साथ कानपुर की तरफ से प्रयागराज की ओर जा रहा ।ज्यों ही अझुवा हाइवे पर पहुंचा मिट्टी लोडकर जा रहे ट्रैक्टर से टकरा गया ट्रैक्टर पलट गया, डीसीएम चालक भी घायल हो गया हाइवे में जाम लग गया सूचना पर मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने घायल को एंबुलेंस से अस्पताल भिजवाया और सड़क पर पलटे ट्रैक्टर को सीधा करवाकर डी सी एम को किनारे करवा कर यातायात बहाल कराया इस दौरान घंटो हाइवे जाम रहा ।किसी भी प्रकार की जनहानि न होने से स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है।

### लॉ कालेज में संचालित हो रहे हैं ओयो होटल और गेस्ट हाउस

**कौशांबी।** जिले के करारी थाना क्षेत्र में संचालित एक लॉ कॉलेज में विद्यार्थी नदारत है यह लॉ कॉलेज केवल अभिलेखों में संचालित होता है और विद्यार्थियों को लॉ की डिग्री बांटी जाती है कालेज के साथ ही ओयो होटल के बोर्ड लॉ कॉलेज में दिखाई पड़े हैं कालेज के अन्दर एक कमरे 2 बेड सोफे इत्यादि मौजूद है जहां अन्य गतिविधियां भी संचालित होने की उम्मीद है हैरानी की बात तब थी कि लॉ कॉलेज के अंदर ओयो होटल गेस्ट हाउस के संचालित होने के बाद प्रशासनिक व्यवस्था ने अभी तक लॉ कालेज प्रशासन पर कार्यवाही नहीं की है लॉ कॉलेज की आड़ में संचालित हो रहे ओयो होटल के बहाने अन्य गतिविधियां भी संचालित होने से इनकार नहीं किया जा सकता है।

### साइबर अपराधियों पर बड़ा प्रहार, एसपी राजेश कुमार की सख्त मॉनिटरिंग में 240 मोबाइल और 152 सिम ब्लॉक

**कौशांबी** अपराध करने वालों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से साइबर थाना प्रभारी ने तमाम मोबाइल के सिम को ब्लॉक कर दिया है जिससे अपराध पर अंकुश लग सके पुलिस अधीक्षक कौशांबी के निर्देशन में साइबर क्राइम थाना प्रभारी विनोद कुमार ने प्रयुक्त 240 मोबाइलों की आईएमईआई नंबर ब्लॉक कराए गए एवं साइबर थाना द्वारा अपराध में प्रयुक्त 152 सिम को भी ब्लॉक कराया गया साइबर थाना के इस करवाई से अपराधों पर अंकुश लगने में काफी मदद मिलेगी।

### आधी रात को भ्रमण पर निकले सीओ सिराथू

**कौशांबी** आगामी होली पर्व एवं रमजान माह के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने हेतु क्षेत्राधिकारी सिराथू द्वारा रात्रि में भ्रमण कर संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की गई तथा ड्यूटी में नियुक्त कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### ग्राम चकपिनाह में ग्राम चौपाल लगाकर कृषकों की समस्याओ को सुना

**कौशांबी।** चकबन्दी आयुक्त के निर्देशानुसार जिलाधिकारी के निर्देशन में शुक्रवार को तहसील चायल की ग्राम-चकपिनहा के पंचायत भवन में चकबन्दी अधिकारी सोमेशनाथ पाण्डेय की अध्यक्षता में ग्राम चौपाल आयोजित किया गया। ग्राम चौपाल में सहायक चकबन्दी अधिकारी, चकबन्दीकर्ता,ग्राम प्रधान सदस्यगण चकबन्दी समिति एवं अधिकांश कृषकगण उपस्थित रहें।ग्राम चकपिनहा का उत्तर प्रदेश चकबन्दी अधिनियम की धारा.4 की विज्ञप्ति का प्रकाशन दिनांक.27.08.2016 को हुआ। ग्राम में तरमीम व पड़ताल तस्दीक खतौनी करने के पश्चात धारा.09 का प्रकाशन दिनांक.30.04.2025 को हुआ, जिसमें आकार पत्र.4 में 351 वाद बनाये गये, जिनमें से 15 आपत्तियों को निस्तारण सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा समझौते के आधार पर किया गया। 336 वाद चकबन्दी अधिकारी न्यायालय को प्राप्त हुए, जिनमें से 254 वादों का निस्तारण चकबन्दी अधिकारी द्वारा कर दिया गया है। 82 वाद निस्तारण के लिए अवशेष है।ग्राम चौपाल में कृषकों को चकबन्दी प्रकिया एवं उसके लाभ के बारे में अवगत कराया गया। चकबन्दी अधिकारी द्वारा सहायक चकबन्दी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्राम में नियमित रूप से बैठक कर समय-समय पर कृषकों के समक्ष उत्पन्न समस्याओं का निराकरण करते हुए कृषकों से परस्पर समन्वय स्थापित कर ग्राम में चकबन्दी कार्य लक्ष्य के अनुसार पूर्ण कराना सुनिश्चित करें। ग्राम चौपाल में उपस्थित चकबन्दीकर्ता एवं चकबन्दी लेखपाल को निर्देशित किया कि ग्राम प्रधान की उपस्थिति में ग्रामसभा भूमि का स्थलीय सत्यापन किया जाय, यदि मौके पर किसी का कब्जा पाया जाता है तो तहसील कमर्चारी से सम्पर्क कर उसको कब्जामुक्त कराने की कार्यवाही की जाए।

## फौजी के अंतिम संस्कार में उमड़ा जन सैलाब

**सेना के जवानों ने अंतिम संस्कार स्थल पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया और सम्मान में सिर झुकाया, अंतिम संस्कार में नहीं पहुंच सके डीएम, एसपी या प्रशासनिक अधिकारी**



**अझुवा कौशाम्बी।** सैनी कोतवाली क्षेत्र के केन गांव निवासी बृजेश कुमार फौजी उम्र लगभग 30 वर्ष रिश्तेदारों के शादी में शामिल होने के बाद वापस घर लौटते वक्त 25 फरवरी की रात को सड़क दुर्घटना के शिकार हो गए थे जिससे उनकी प्रयागराज में उपचार के दौरान मौत हो गई मौत की जानकारी मिलते ही उनके घर परिवार में कोहराम मच गया पुलिस ने फौजी के शव को पोस्टमार्टम को भेज दिया जैसे ही पोस्टमार्टम से फौजी का शव वापस घर पहुंचा पूरे घर में कोहराम मच गया चारों तरफ चीख पुकार की आवाज सुनाई देने लगी फौजी बृजेश कुमार की मौत के बाद हर चेहरे पर दुख दिखाई पड़ रहा था। फौजी के मौत की जानकारी मिलने के बाद फौजी के अंतिम संस्कार में इंडियन आमी बमरौली बटालियन के सूबेदार मिलन शर्मा ,हवलदार एलएन शुक्ला, हवलदार मोर ,हवलदार आई एस पाल, सिग्नल मैन सुबो रॉय दिवंगत फौजी के अंतिम संस्कार में शामिल हुए सलामी दी गई,दिवंगत फौजी को फौजियों ने कंधा देकर राष्टीय राजमार्ग के किनारे स्थित अंतिम संस्कार स्थल पर पहुंचे उनका अंतिम संस्कार खेत में किया गया है जहां फौजी के अंतिम संस्कार में उन्हें राजकीय और सैन्य सम्मान दिया गया है। पार्थिव शरीर को तिरंगे में लपेटकर लाया गया।सेना के जवानों ने अंतिम संस्कार स्थल पर गार्ड ऑफ ऑनर दिया हैं और सम्मान में सिर झुकाया हैं। उनके भाई विजय प्रताप ने बताया कि फौजी बृजेश कुमार के बेटे शौर्य का 27 फरवरी को मुंडन संस्कार होना था और मुंडन संस्कार के लिए परिवार रिश्तेदार एकत्रित हो चुके थे लेकिन इसी बीच बृजेश कुमार फौजी की सड़क हादसे में मौत हो गई है जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और परिवार संभालना मुश्किल हो रहा है।वहीं डी एम,एसपी या कोई भी प्रशासनिक अधिकारी न पहुंचने से दिवंगत परिवार,गांव क्षेत्र में आक्रोश देखा गया है।

## विवाहिता की हत्या में पति सहित दो सगे भाइयों को सश्रम आजीवन कारावास की सजा

**कौशांबी।** करारी थाना क्षेत्र के ग्राम गुवारा तैयवपुर गांव में 21 फरवरी 2017 को विवाहिता ज्ञानमती की हत्या के मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत में पति सहित दो सगे भाइयों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है और बीस बीस हजार रुपए का अर्थ दंड लगाया है। विवाहित ज्ञानमती के ससुर इन्दल प्रसाद पुत्र स्व0 प्रभूदयाल ने थाना पुलिस को सूचना दे कर बताया था कि बहू ज्ञानमती ने जहरीला पदार्थ खा लिया है जिससे उसकी मृत्यु हो गयी है थाना पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत हुआ जिसमें विवेचना के उपरान्त धारा 302/34/201 भादवि में आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल हुआ मुकदमे की सुनवाई के दौरान अदालत में पति सहित दो सगे भाइयों को विवाहिता की हत्या का दोषी पाया और विवाहिता की हत्या करने वाले दोनों सगे भाइयों अभियुक्त अमरदेव पुत्र इन्दल प्रसाद वा मनोज कुमार पुत्र इन्दल प्रसाद निवासी गुवारा तैयवपुर थाना करारी को दिनांक 27.02.2026 को न्यायालय एडीजे-04 जनपद कौशाम्बी ने प्रत्येक अभियुक्त को सश्रम आजीवन कारावास व 20000-20000/- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

## कौशांबी के शिक्षा माफिया सहित 4 को कानपुर पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शिक्षा माफिया के फजी प्रमाण पत्र के जरिए सैकड़ो लोग कर रहे है विभिन्न विभागों में नौकरी, कौशांबी प्रयागराज में कार्यालय खोलकर फजी डिग्री बेचने वाले शिक्षा माफिया ने खड़ा किया करोड़ों का साम्राज्य ताकती रह गई कौशांबी प्रयागराज की पुलिस**




**कौशांबी** जिले के एक शिक्षा माफिया ने अपने गिरोह के सदस्यों के साथ मिलकर कौशांबी प्रयागराज के साथ-साथ कानपुर में भी फजी डिग्री देने का कार्यालय खोल लिया था पकड़े गए शिक्षा माफिया का कौशांबी के कई शिक्षा माफियाओं से तार जुड़े हैं कानपुर जनपद की पुलिस ने 19 फरवरी को शैल ग्रुप आफ एजुकेशन के कार्यालय पर छापा मार कर कौशांबी के चौराडीह निवासी नागेंद्र मणि त्रिपाठी सहित शैलेंद्र कुमार निवासी रायबरेली जोगिंदर कुमार सिंह निवासी गाजियाबाद और अश्विनी सिंह निवासी उन्नाव को गिरफ्तार किया है जिनके कब्जे से भारी मात्रा में फजी प्रमाण पत्र फजी डिग्री लैपटॉप कंप्यूटर मोबाइल जालसाजी के अन्य सामान बरामद हुए हैं पुलिस ने गिरफ्तार चारों आरोपियों पर धोखाधड़ी फ्रॉड जालसाजी सहित भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार करने के बाद अदालत में पेश किया है जहां से चारों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है नागेंद्र मणि त्रिपाठी ने कानपुर पुलिस को बताया कि उनके कार्यालय कौशांबी जनपद के चरवा थाना क्षेत्र के चौराडीह और प्रयागराज जनपद के शेरवानी इंटर कॉलेज सल्लहपुर पुलिस चौकी के पास संचालित हो रहा है जहां छात्रों को झांसा देकर फजी डिग्रियां बांटी जाती है फजी डिग्री फजी प्रमाण पत्र बांटने के नाम पर रैकेट के सदस्यों द्वारा करोड़ों रुपए छात्रों से वसूल लिया गया है कौशांबी में भी खुलेआम फजी प्रमाण पत्र और फजी डिग्री बांटने का खेल लंबे समय से चल रहा था लेकिन गिरोह के सदस्यों तक कौशांबी के शिक्षा विभाग के अधिकारी से लेकर पुलिस विभाग तक नहीं पहुंच सके हैं शिक्षा माफियाओं के कारनामे पर यदि कौशांबी पुलिस ने जांच कराई तो कौशांबी के कई शिक्षा माफियाओ का खुलासा होगा।

## एसपी के नेतृत्व में बलवा ड्रिल अभ्यास, कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने हेतु पुलिस लाइन में कराई गई हाई-इंटेंसिटी बलवा ड्रिल



**कौशांबी।** पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार द्वारा पुलिस लाइन कौशाम्बी में आगामी त्यौहारों के अवसर पर शुक्रवार को जनपद में शान्ति, सुरक्षा व कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहारों को सम्पन्न कराने के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी के मार्गदर्शन में पुलिस लाइन्स कौशाम्बी में बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। अभ्यास के दौरान पुलिस अधिकारियों कमर्चारियों द्वारा दंगा नियंत्रण उपकरणों जैसे-टियर गैस गन,एंटी राइट गन,चिली बम,रबर बुलेट एवं हैंड ग्रेनेड आदि के प्रयोग करने का भी प्रशिक्षण अभ्यास किया गया। बलवा ड्रिल डेमोंसट्रेशन के दौरान समस्त अधिकारी कमर्चारीगण द्वारा विधि विरुद्ध भीड़ को तितर-बितर करने व शान्ति व्यवस्था स्थापित करने हेतु क्रमवार विधिक कार्यवाही का अभ्यास किया गया, जिसमें बलवा ड्रिल की 10 टीमें बनाकर क्रमशः एलआईयू के द्वारा अभिसूचना संकलन,नागरिक पुलिस के द्वारा भीड़ को समझाने-बुझाने का प्रयास, चेतावनी,अग्निशमन दल द्वारा पानी के छिड़काव का प्रयोग करना, टीयर गैस स्क्वाड द्वारा अश्रु गैस का प्रयोग,लाठी पाटी द्वारा न्यूनतम बल के प्रयोग से भीड़ को तितर-बितर करने की कार्यवाही का अभ्यास किया गया। तत्पश्चात इसी क्रम में यदि बलवाइयों द्वारा अपने प्रदर्शन में बल व हिंसा का प्रयोग जारी रखा जाता है तो फायर पाटी के द्वारा भी आत्मरक्षार्थ फायरिंग की आवश्यकता की आवश्यकता पड़ सकती है,जिसके दृष्टिगत फायर पाटी द्वारा फायरिंग की कार्यवाही का भी अभ्यास कराया गया। बलवा ड्रिल डेमोंसट्रेशन के दौरान घायलों के उपचार हेतु प्राथमिक चिकित्सा पाटी तथा एम्बुलेंस की भी आवश्यकता पड़ सकती है जिसके दृष्टिगत प्राथमिक चिकित्सा पाटी एम्बुलेंस द्वारा की जाने वाली कार्यवाही का भी अभ्यास कराया गया। बलवा ड्रिल डेमोंसट्रेशन के क्रम में भीड़ वाले स्थान से भीड़ को तितर-बितर करने के उपरान्त रिजर्व पुलिस टीम द्वारा पिकेट लगाकर सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने का भी अभ्यास कराया गया।बलवा ड्रिल डेमोंसट्रेशन के अन्त में भीड़ को तितर बितर करने हेतु कमाण्ड देने वाले अधिकारी का सारगर्भित रिपोर्ट पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया का भी अभ्यास कराया गया। बलवा ड्रिल के सम्पूर्ण डेमोंसट्रेशन के दौरान पुलिस अधीक्षक के द्वारा बारीकी से पयर्वेक्षण किया गया तथा ड्रिल के दौरान आई छोटी-मोटी त्रुटियों से अवगत कराते हुए आवश्यक सुधार हेतु मार्गदर्शन दिए गए एवं पुलिस कर्मियों के उत्साहवर्धन हेतु उनके द्वारा किए गए प्रयास के लिए सराहना भी की गई।संबोधन के दौरान समस्त उपस्थित पुलिस अधिकारी कमर्चारीगण को बलवा ड्रिल का अभ्यास किए जाने के उद्देश्य से अवगत कराते हुए बताया गया कि अभ्यास से जनपद में विधि विरुद्ध जमाव,बलवा,हिंसा आदि के अवसरों पर न्यूनतम बल का प्रयोग कर शान्ति व्यवस्था बनाए रखने में सफलता प्राप्त होती है।बलवा ड्रिल के डेमोंसट्रेशन की सम्पूर्ण कार्यवाही के दौरान ड्रोन कैमरे से लगातार निगरानी की गई अभ्यास के दौरान अपर जिलाधिकारी कौशाम्बी अपर पुलिस अधीक्षक कौशाम्बी, उपजिलाधिकारी मंझनपुर,समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक पुलिस लाइन, तथा समस्त थाना प्रभारियों सहित अन्य पुलिस कमी एवं रिक्रूट आरक्षी द्वारा प्रतिभाग किया गया।

## वार्षिकोत्सव : भवंस मेहता महाविद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

**प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं एडवांस टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण से संबंधित कार्यक्रम में शामिल प्रतिभागियों को दिया मेडल और प्रमाण पत्र**



**भरवारी कौशांबी।** भवंस मेहता महाविद्यालय भरवारी में वाषिकोत्सव के तहत दिनांक 27 फरवरी 2026 को सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विविध रंगारंग कार्यक्रम यथा एकल गायन,एकल नृत्य,समूह गायन समूह नृत्य,लघु नाटिका आदि की प्रस्तुति दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के संस्थापक प्राध्यापक एवं वनस्पति विज्ञान विभाग के प्रथम विभागाध्यक्ष प्रो.सुशील कुमार श्रीवास्तव तथा विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री प्रो.पी.के.सिंह उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर प्रबोध श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की।रंगारंग कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि एवं प्राचार्य के द्वारा पुरस्कार वितरण भी किया गया। पुरस्कार वितरण में पूरे वर्ष में आयोजित किए गए विविध प्रतियोगिताओं यथा खेलकूद प्रतियोगिता के विजेताओं राजभाषा हिंदी सप्ताह के आयोजन के तहत आयोजित की गई प्रतियोगिताओ के विजेताओं,नारी सशक्तिकरण के लिए आयोजित प्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं एडवांस टेक्नोलॉजी प्रशिक्षण से संबंधित कार्यक्रम में सम्मिलित प्रतिभागियों को मेडल और प्रमाण पत्र प्रदान किया गया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश विश्व विद्यालय शिक्षक संघ के महामंत्री प्रोफेसर पीके सिंह ने बच्चों को शिक्षा के प्रति जागृत होने की बात कही उन्होंने कहा कि यदि वे मनोयोग के साथ शिक्षा ग्रहण नहीं करेंगे तो आने वाले समय में वह पीछे छूट जाएंगे इसलिए उन्हें परिश्रमपूर्वक मनोयोग से शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए ताकि वह समय के साथ आगे बढ़ सके। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रोफेसर सुशील कुमार श्रीवास्तव ने इस भव्य आयोजन के लिए प्राचार्य शिक्षक गण समस्त कमर्चारियों एवं छात्र -छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय का गौरवमय अतीत रहा है और मुझे लगता है कि प्राचार्य के नेतृत्व में महाविद्यालय गौरवमय अतीत को पुनः प्राप्त करेगा महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.प्रबोध श्रीवास्तव ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि उनका यह सतत प्रयास रहेगा कि महाविद्यालय नित नई ऊंचाइयों को छूते हुए अपने सर्वांगीण विकास की अग्रसर हो सके। उन्होंने भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए सभी प्राध्यापको, कमर्चारियों,और छात्र -छात्राओं के सम्मिलित प्रयास की सराहना की। इस कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम बी.ए.प्रथम वर्ष की छात्रा छवि प्रजापति और मानसी मिश्रा ने किया।अंत में आभार व्यक्त धन्यवाद ज्ञापन महाविद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक प्रोफेसर सतीश चंद्र तिवारी ने किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्रो.रूबी चौधरी , प्रो.पंकज कुमार,प्रो.विमलेश सिंह यादव,प्रो उमा जायसवाल,डॉ मोहम्मद आदिल ,डॉ.नीति मिश्रा, डॉ.राहुल राय डॉ.सी.पी.श्रीवास्तव डॉ.धर्मेंद्र कुमार अग्रहरि,डॉ महेंद्र उपाध्याय,डॉ.अनुज तिवारी डॉ. दीपक कुमार,डॉ मनीष चौधरी आदित्य कुमार खेल प्रशिक्षक पंकज कुमार आदि शिक्षक गण तथा समस्त शिक्षणेत्तर कमर्चारी उपस्थित रहे।

## दंपत्ति के साथ लूट करने वाले तीन लुटेरे गिरफ्तार

**प्रयागराज जनपद के पूरा मुफ्ती थाना क्षेत्र के रहने वाले आरोपियों के कब्जे से अवैध तमंचा कारतूस बाइक गहने नगदी बरामद**



**कौशाम्बी** बाइक सवार दंपत्ति से लीट करने वाले तीन लुटेरों को जिले की रडक्ष् टीम और पुलिस ने गिरफ्तार किया है,पुलिस ने लुटेरों के पास से अवैध तमंचा, कारतूस, बाइक,गहने और नगदी बरामद किया है।पुलिस ने आरोपियों को न्यायालय में पेश किया जहा से उन्हे जेल भेज दिया गया। घटनाक्रम के मुताबिक चरवा थाना क्षेत्र के सैय्यद सरावां निवासी रमेश सिंह 21 फरवरी की भोर मे लगभग 04.00 बजे अपनी पत्नी के साथ बाइक से करारी के गुलामीपुर से दावत खाकर अपने घर वापस जा रहा था कि तभी सिरियावां चौराहे के पहले 02 बाइक सवार 04 अज्ञात युवकों द्वारा गाली गलौज देते हुये उन्हे रोक लिया तथा पत्नी के पहने हुये जेवर, मोबाइल तथा 1000/- रू० छीन कर भाग गये चरवा थाना में मुकदमा दर्ज हुआ एसपी राजेश कुमार ने घटना की गम्भीरता को देखते हुये तत्काल प्रभारी निरीक्षक चरवा व प्रभारी एसओजी सर्विलांस के नेतृत्व में टीमों का गठन करते हुये घटना का शीघ्र अनावरण करने एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। एसपी द्वारा गठित टीमों द्वारा सीसीटीवी फुटेज,आसपास के लोगो से पूछताछ व सर्विलांस आदि की सहायता से घटना के अनावरण का प्रयास किया जा रहा था। इसी दौरान शुक्रवार को सूचना मिली कि घटना से सम्बन्धित आरोपी बाइक से तेरामील से सैय्यद सरावा की तरफ जा रहे है। सूचना के बाद पुलिस टीम ने घेराबंदी की, पुलिस को देखकर आरोपी भागने का प्रयास करने लगे, जिन्हे पुलिस टीम ने घेरकर पकड़ लिया।पुलिस ने संजय पुत्र विरेन्द्र निवासी मन्दर देह माफी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज,आशू पुत्र भीम निवासी मन्दर देह माफी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज और अलमान उर्फ अरमान पुत्र परवेज अहमद निवासी मन्दर देह माफी थाना पूरामुफ्ती जनपद प्रयागराज को गिरफ्तार किया है आरोपियों की तलाशी लेने पर पुलिस को उनके कब्जे से 01 तमंचा 315 बोर, 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर एक जोडी पायल चांदी की महिला का बैग,आधार कार्ड,एटीएम कार्ड, 03 मोबाइल फोन, 26200 /- रू0 नगद तथा घटना में प्रयुक्त 01 बाइक बरामद हुआ कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने बताया कि 20/21.02.2026 की रात्रि में हम लोग अपने एक अन्य साथी के साथ असवां चौराहे के पास खड़े होकर आने-जाने वाले व्यक्तियों से लूट छिनैती करने हेतु रेकी कर रहे थे तभी बाइक सवार महिला एवं पुरूष आते हुये दिखाई दिये,जिनका असवा चौराहे से ही पीछा करते हुये सिरियावां कला चौराहे के पास ओवरटेक करके रोक लिया तथा उनके पास से पहने हुये कान के सोने के झुमके,चांदी के पायल,हैण्ड बैग,एक की-पैड मोबाइल एवं 1000 रूपये लूटकर भाग गये थे। लूटे गये सोने के सामान को बेचकर मिले रूपयों को हम लोगों ने आपस में बाट लिया था। सभी के हिस्से में 12-12 हजार रूपये आये थे,जिसमें से कुछ रूपये खर्च हो गये है। शेष बचे 26200 रूपये यहीं है जो आपने बरामद किये है। आज हमलोग फिर से कहीं मौका पाकर लूट करने की फिराक में घूम रहे थे कि आप लोगों ने हमें पकड़ लिया।

# सम्पादकीय

## मोदी की इजरायल यात्रा पर सवाल

**पूरी** दुनिया की निगाहें इस समय ईरान के हालात पर टिकी हैं, जहां अमेरिका ने अपने युद्धपोत तैनात किए हुए हैं और कई दिनों से लगातार धमकियां दे रहा है कि वो जंग की शुरूआत कर देगा। खुद भारत ने सोमवार 23 फरवरी को ईरान में अपने नागरिकों से कहा है कि वे फौरन ईरान छोड़ दें। यानी ईरान पर किसी भी समय अमेरिकी हमला हो सकता है। लेकिन 23 फरवरी को ही इजरायली कैबिनेट को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने घोषणा की कि भारत क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर सहयोग के लिए एक 'हेक्सागोनल गठबंधन' में शामिल होगा। इसके बाद तय हो गया कि प्रधानमंत्री मोदी 25 फरवरी को दो दिन के इजरायल दौरे पर जा रहे हैं यानी जब पूरा मध्यपूर्व बड़े संकट से गुजर रहा है, उस समय इजरायल एक अलग वैश्विक गठजोड़ तैयार कर रहा है और भारत उसका हिस्सा बनने जा रहा है। इजरायल के राजदूत रेयुवेन अजार ने एक वीडियो पोस्ट में कहा कि दोनों देश रक्षा और सुरक्षा समझौतों को 'अपडेट' करेंगे।
गौरतलब है कि हेक्सागोनल एलायंस (हेक्सागोन ऑफ एलायंसेज) इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू द्वारा 22 फरवरी को कैबिनेट बैठक में घोषित एक प्रस्तावित रणनीतिक भू-राजनीतिक ढांचा है। इसका उद्देश्य मध्य पूर्व और उसके आसपास के क्षेत्र में आर्थिक, कूटनीतिक और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना है, खासकर 'रेडिकल शिया एक्सिस' (ईरान और उसके सहयोगी) और 'उभरते रेडिकल सुन्नी एक्सिस' के खिलाफ एकजुट होकर खड़ा होना। नेतन्याहू ने इसे 'हेक्सागोन' (छह भुजाओं वाला) कहा, जो एक नेटवर्क्ड गठबंधन का प्रतीक है। इस नेटवर्क को खड़ा करने में बड़ी चालाकी से शब्दों का खिलवाड़ किया गया है वर्ना रेडिकल यानी कट्टरपंथी शिया और सुन्नियों के खिलाफ छह भुजाओं वाला गठबंधन खड़ा करना, धर्म के आधार पर विरोध को बढ़ावा देना ही है। इजरायल संप्रभु देश है और उसकी जो मर्जी वह करे।

# पैक्स सिलिका में भारत का होना एक महत्वपूर्ण उपलब्धि

**-: ललित गर्ग:-**

**इक्कीसवीं** सदी का यह दौर कृत्रिम बुद्धिमत्ता, सेमीकंडक्टर और तकनीकी आपूर्ति शृंकखलाओं की वैश्विक प्रतिस्पर्धा का दौर बन चुका है। ऐसे समय में भारत द्वारा एआई शिखर सम्मेलन का सफल आयोजन और उसके तुरंत बाद अमेरिका के नेतृत्व वाले समूह पैक्स सिलिका से औपचारिक रूप से जुड़ना केवल एक कूटनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि एक दूरदर्शी और रणनीतिक कदम है। यह उस नए भारत की घोषणा है जो तकनीकी शक्ति, नैतिक दृष्टि और वैश्विक संतुलन- तीनों को साथ लेकर चलने का सामर्थ्य अर्जित कर रहा है। एआई समिट के माध्यम से भारत ने स्पष्ट संकेत दिया है कि वह अब केवल तकनीक का उपभोक्ता राष्ट्र नहीं, बल्कि निमार्ता और मार्गदर्शक की भूमिका निभाने के लिए तैयार है। दुनिया की तीसरी बड़ी एआई शक्ति बनने की दिशा में यह एक ठोस चरणन्यास है।




दुर्लभ खनिजों और सेमीकंडक्टर आपूर्ति श्रृंखला पर चीन का लगभग 90 प्रतिशत वर्चस्व पिछले कुछ वर्षों से वैश्विक चिंता का विषय बना हुआ है। कंप्यूटर चिप से लेकर रक्षा प्रणालियों और अंतरिक्ष तकनीक तक, हर क्षेत्र इन संसाधनों पर निर्भर है। इस पृष्ठभूमि में पैक्स सिलिका जैसे मंच की परिकल्पना एक संतुलित, विश्वसनीय और बहु-ध्रुवीय तकनीकी ढांचे के रूप में की गई है। भारत का इस समूह में शामिल होना केवल प्रतीकात्मक कदम नहीं, बल्कि रणनीतिक और अनिवार्य निर्णय है। भारत की इंजीनियरिंग क्षमता, विशाल युवा प्रतिभा और उभरता हुआ सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम इस गठबंधन को नई मजबूती प्रदान करेगा। यह पहल किसी के विरुद्ध आक्रामकता नहीं, बल्कि वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में संतुलन और विविधता स्थापित करने का प्रयास है। जब शक्ति का केंद्रीकरण टूटता है और साझेदारी का विस्तार होता है, तभी विश्व व्यवस्था स्थिर और संतुलित बनती है।
प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में पिछले एक दशक में भारत ने तकनीक को शासन और विकास के केंद्र में स्थापित किया है। डिजिटल इंडिया, स्टार्टअप इंडिया, मेक इन इंडिया और सेमीकंडक्टर मिशन जैसी पहलों ने एक मजबूत आधार तैयार किया है। भारत का डिजिटल पब्लिक इंफ्रास्ट्रक्चर आज दुनिया के लिए एक मॉडल बन चुका है। आधार, यूपीआई और डिजिटल सेवाओं ने करोड़ों लोगों को आर्थिक मुख्यधारा से जोड़ा है। इसी आधार पर एआई और चिप निर्माण के क्षेत्र में महत्वाकांक्षी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की सक्रियता और वैश्विक मंचों पर भारत की प्रभावी उपस्थिति ने देश को एक विश्वसनीय तकनीकी साझेदार के रूप में स्थापित किया है। उनका दृष्टिकोण केवल आर्थिक लाभ तक सीमित नहीं है, बल्कि तकनीकी आत्मनिर्भरता को वैश्विक सहयोग के साथ जोड़ने का है।
भारत में चिप डिजाइन, निर्माण और एआई अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए बड़े निवेश आकर्षित किए जा रहे हैं। वैश्विक कंपनियाँ भारत को स्थिर लोकतंत्र, कुशल मानव संसाधन और दीर्घकालिक नीति स्थिरता वाले देश के रूप में देख रही हैं।
पैक्स सिलिका जैसे अंतरराष्ट्रीय ढांचे का हिस्सा बनने से भारत को तकनीकी सहयोग, संयुक्त अनुसंधान, पूंजी निवेश और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण में व्यापक लाभ मिलेगा। इससे न केवल चीन पर निर्भरता कम होगी, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आर्थिक स्थिरता भी सुदृढ़ होगी। यह भागीदारी भारत को अमेरिका, जापान, दक्षिण कोरिया और यूरोपीय देशों जैसी प्रमुख तकनीकी शक्तियों के साथ और अधिक निकटता से जोड़ेगी, जिससे वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में भारत की प्रतिष्ठा निरंतर बढ़ेगी। भारत की विशेषता केवल तकनीकी क्षमता नहीं, बल्कि उसकी सांस्कृतिक और नैतिक दृष्टि भी है।
ह्यवसुधैव कुटुम्बकम्ह्न की भावना से प्रेरित भारत एआई को मानव-केंद्रित विकास का माध्यम बनाना चाहता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में एआई के उपयोग से व्यापक जनकल्याण सुनिश्चित किया जा सकता है। यदि तकनीक कुछ शक्तियों के हाथों में सिमट जाए तो असंतुलन बढ़ता है, किंतु जब लोकतांत्रिक और समावेशी राष्ट्र इसका नेतृत्व करते हैं तो यह वैश्विक कल्याण का साधन बन सकती है। भारत का प्रयास है कि एआई के नैतिक मानदंड सार्वभौमिक हों और तकनीक का उपयोग हथियार के रूप में नहीं, बल्कि मानव प्रगति के साधन के रूप में हो।

# यह प्रधानमंत्री की शर्मिंदगी नहीं, बौखलाहट है

**अनिल जैन**

**दरअसल** मोदी के लिए लोकतंत्र का मतलब महज किसी भी तरह से चुनाव जीतना है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्ता, विपक्ष से संवाद और सरकार से असहमति आदि के लिए उनके लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। इसलिए वे अपनी सरकार के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को देशविरोधी करार देने में कोई देरी या संकोच नहीं करते।



देश की राजधानी दिल्ली में पिछले दिनों भारी अफरातफरी के माहौल में संपन्न हुए अंतरराष्ट्रीय आर्टिफिशल इंटेलिजंस यानी एआई समिट के दौरान कांग्रेस के युवा कार्यकताओं के प्रदर्शन को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित उनकी पूरी सरकार, उनकी पार्टी और उसका इको सिस्टम बेहद खफा और परेशान हैं। प्रधानमंत्री ने एक जनसभा में अपने गुस्से का इजहार करते हुए आहत स्वर में कांग्रेस के नेताओं को 'नंगा' कहते हुए उन पर विदेशी मेहमानों के सामने देश की छवि खराब करने का आरोप लगाया है। तमाम मंत्री और भाजपा के नेता मोदी से भी एक कदम आगे बढ़कर राहुल गांधी को 'देशद्रोही' और 'लफंगा' करार दे रहे हैं। चूंकि सरकार और भाजपा परेशान है, लिहाजा उसके प्रचार तंत्र की भूमिका निभाने वाले मीडिया का परेशान होना भी लाजिमी है, सो वह भी कुछ इसी तरह के लहजे में राहुल गांधी और कांग्रेस को कोस रहा है। दरअसल मोदी के लिए लोकतंत्र का मतलब महज किसी भी तरह से चुनाव जीतना है। लोकतांत्रिक संस्थाओं की स्वायत्ता, विपक्ष से संवाद और सरकार से असहमति आदि के लिए उनके लोकतंत्र में कोई जगह नहीं है। इसलिए वे अपनी सरकार के खिलाफ उठने वाली हर आवाज को देशविरोधी करार देने में कोई देरी या संकोच नहीं करते। इसकी वजह यह भी है कि उनकी राजनीतिक परवरिश लोकतांत्रिक माहौल में नहीं बल्कि एकचालकानुवर्तित्व के माहौल में हुई है। उन्होंने सत्ता में आने से पहले के अपने राजनीतिक जीवन में सरकारविरोधी किसी आंदोलन में शिरकत नहीं की और जेल जाना तो दूर, किसी पुलिस थाने का मुंह तक नहीं देखा। इसलिए उन्हें किसी भी मुद्दे पर अपनी सरकार का विरोध बेहद अटपटा लगता है और वे बौखला जाते हैं। मोदी प्रधानमंत्री बनने के बाद दुनिया के अधिकांश देशों की यात्राएं कर चुके हैं। प्रधानमंत्री और गुजरात का मुख्यमंत्री बनने से पहले भी आधुनिक विश्व के सबसे पुराने लोकतंत्र कहे जाने वाले अमेरिका की यात्रा तो उन्होंने कई बार की है, जैसा कि वे खुद कई मर्तबा बतला चुके हैं। इसके बावजूद वे इस तथ्य से अनजान हैं कि लोकतांत्रिक देशों में अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के दौरान किसी मुद्दे को लेकर विरोध-प्रदर्शन होना कोई नई बात नहीं है। अमेरिका सहित यूरोप के तमाम देशों में अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के मौके पर वहां के राजनीतिक दल, सामाजिक संगठन, छात्र या मानवाधिकार संस्थाएं किसी मुद्दे को लेकर विरोध और प्रदर्शन करते रहते हैं, लेकिन वहां विरोध करने वालों को देशद्रोही कहना तो दूर गिरफ्तार भी नहीं किया जाता है। मोदी ने खुद भी प्रधानमंत्री के नाते ऐसे अंतरराष्ट्रीय आयोजनों में शिरकत की है और कुछ आयोजनों के दौरान तो वहां मोदी के खिलाफ भी प्रदर्शन हुए हैं। हमारे ही देश में पहले कई अंतरराष्ट्रीय आयोजनों के मौके पर ऐसे विरोध-प्रदर्शन हुए हैं। 1982 में दिल्ली में हुए एशियाई खेलों के आयोजन के खिलाफ लोकदल के कार्यकताओं ने प्रदर्शन किया था। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को कुछ घंटों के लिए हिरासत में लिया था और फिर छोड़ दिया था। किसी ने उन्हें 'देशद्रोही' या लोकदल के नेता चौधरी चरणसिंह को 'नंगा' नहीं कहा था। उसके बाद दिल्ली में ही 1983 में गुटनिरपेक्ष देशों का शिखर सम्मेलन हुआ था, जिसमें 100 से ज्यादा देशों ने हिस्सा लिया था। उस आयोजन के मौके पर लोकदल और वामपंथी दलों ने कुछ ही समय पहले असम में हुए शर्मनाक नेल्ली नरसंहार की ओर दुनिया का ध्यान आकर्षित करने के लिए प्रदर्शन किया था, लेकिन किसी ने प्रदर्शनकारियों को देशद्रोही नहीं कहा था और न ही देश की छवि खराब होने का राग अलापा था। दिल्ली में ही 2010 में हुए कॉमनवेल्थ गेम्स के मौके पर भाजपा ने विरोध प्रदर्शन किया था। तब भी किसी ने प्रदर्शनकारियों को देशद्रोही नहीं कहा और न ही किसी को गिरफ्तार किया। बहरहाल एआई समिट में कांग्रेस कार्यकताओं का विरोध-प्रदर्शन रणनीतिक रूप से सही था या गलत, इस पर तो बहस हो सकती है मगर इसमें शर्मसार होने जैसी कोई बात नहीं है। फिर भी प्रधानमंत्री और उनके तमाम सहयोगी नाराज हुए जा रहे हैं। जबकि एआई समिट के दौरान के कांग्रेस कार्यकताओं के प्रदर्शन के अलावा ऐसी कई बातें हुई हैं।

# क्या 'श्वेत क्रांति' की आड़ में 'जीएम फसलों' का पिछला दरवाजा खुल रहा है?

**नीलेश देसाई**

**कपास** के किसानों का उदाहरण हमारे सामने है, जहां आयात शुल्क हटाने से घरेलू कीमतों में भारी गिरावट आई और किसान संकट में घिर गए। सोयाबीन और मक्का के साथ भी यही दोहराए जाने की आशंका है। अमेरिका व्यापार समझौता आर्थिक विकास के द्वार खोल सकता है, लेकिन यह द्वार भारतीय किसानों की कब्र पर नहीं खुलना चाहिए।
सरकार को यह सुनिश्चित करना होगा कि 'कृषि सुरक्षा' का दावा केवल प्रेस कॉन्फ्रेंस तक सीमित न रहे।
हाल ही में भारत और अमेरिका के बीच हुए 'अंतरिम व्यापार समझौते' को लेकर देश के नीतिगत गलियारों में उत्साह का माहौल है। 2026 तक द्विपक्षीय व्यापार को 500 अरब डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य निश्चित रूप से महत्वाकांक्षी है। लेकिन, इस आर्थिक चमक-धमक के पीछे भारतीय कृषि क्षेत्र की एक गहरी चिंता छिपी है। आशा-किसान स्वराज जैसे संगठनों और कृषि विशेषज्ञों ने इस समझौते के उन प्रावधानों पर सवाल उठाए हैं जो भारत की खाद्य संप्रभुता और करोड़ों किसानों की आजीविका को सीधे प्रभावित कर सकते हैं। सवाल यह है कि क्या अमेरिका के साथ व्यापारिक संतुलन बनाने के चक्कर में हम अपने कृषि क्षेत्र की 'रेड लाइन्स' को धुंधला कर रहे हैं?



इस समझौते का सबसे विवादास्पद पहलू है- 'डिस्टिलर्स ड्राइड ग्रेंस विद सोल्यूबल्स' लाल सोरघम और सोयाबीन तेल के आयात की अनुमति। पहली नजर में यह एक सामान्य व्यापारिक लेन-देन लग सकता है, लेकिन गहराई से देखने पर यह भारतीय किसानों के लिए एक 'अन्यायपूर्ण युद्ध' जैसा है।
ओईसीडी की 2024 की रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी किसानों को उनकी सरकार से +7.1त्न की सकारात्मक सहायता मिलती है, जबकि भारतीय किसानों के लिए यह आंकड़ा -14.5प्रतिशत (नकारात्मक) है। इसका अर्थ है कि अमेरिकी किसान भारी सरकारी सब्सिडी के कारण अपने उत्पादों को वैश्विक बाजार में कौड़ियों के भाव बेच सकते हैं। जब अमेरिका का यह सब्सिडी वाला 'सस्ता चारा' भारतीय बाजार में आएगा, तो महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और राजस्थान के उन लाखों सोयाबीन और मक्का उत्पादकों का क्या होगा, जिनकी फसल पहले ही एमएसपी से 25-26प्रतिशत नीचे बिक रही है?
जीएम फसलों का 'चोर दरवाजा' इस पूरे विवाद का सबसे तकनीकी और स्वास्थ्य से जुड़ा मुद्दा 'जेनेटिकली मॉडिफाइड' फसलों का है।

## तौल ठप होने से सूख रहा गन्ना, किसानों में रोष



**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । कुड़वार** स्थित हैदरगढ़ चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र पर पिछले तीन दिनों से तौल कार्य बंद होने के कारण दर्जनों किसानों का करीब डेढ़ हजार कुंतल से अधिक गन्ना केंद्र परिसर में ही पड़ा सूख रहा है। इससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है और उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। किसान आनन्द प्रकाश मिश्रा, लल्लू लाल पाठक, विवेक सिंह, प्रदीप पाठक आदि किसानों का कहना है कि समय पर तौल न होने से गन्ने का वजन तेजी से घट रहा है,जिससे भुगतान पर भी असर पड़ेगा। वहीं,चीनी मिल के गन्ना विकास अधिकारी (सीडीओ)अभिजीत ने बताया कि मजदूरों से वार्ता जारी है और स्थिति को जल्द सामान्य कर तौल कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

## भदोही में उद्योग बंधु व निर्यात प्रोत्साहन समिति की बैठक, निवेश प्रस्तावों की समीक्षा

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। कलेक्ट्रेट** सभागार में शुक्रवार को जिला उद्योग बंधु एवं जिला निर्यात प्रोत्साहन समिति की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी शैलेष कुमार और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने की। इसमें उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारियों, उद्यमियों और निवेशकों ने भाग लिया।
जिलाधिकारी ने कहा कि जिले में व्यापारियों और उद्यमियों से जुड़े मामलों का निस्तारण तय समयसीमा में किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता पर निपटाया जाए, ताकि जनपद में रोजगार के अवसर बढ़ें और औद्योगिक गतिविधियों को गति मिल सके। खाद्य विभाग, विद्युत विभाग, प्रदूषण नियंत्रण, व्यापार कर सहित संबंधित विभागों को व्यापारियों की समस्याएं प्राथमिकता से सुलझाने के निर्देश दिए गए।



बैठक में जिला पंचायत की ओर से बुनकरों को धारा 133 के तहत जारी नोटिस, लोक निर्माण विभाग द्वारा खमरिया-चिल्ह गोपीगंज मार्ग के सुदृढ़ीकरण, बीडा क्षेत्र में नए उद्योगों की स्थापना और गैर जेडए जमीनों पर नक्शा पास कराने के लिए धारा 80 की शर्त हटाने जैसे मुद्दों पर चर्चा हुई। साथ ही प्रदेश सरकार की ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी (जीबीसी-5) के तहत जिले को मिले 700 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्तावों की प्रगति की समीक्षा की गई।
मुख्य विकास अधिकारी ने प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों पर नाराजगी जताई और संबंधित खंड विकास अधिकारियों को एक सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए।

## त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, भदोही में फ्लैग मार्च और सघन चेकिंग अभियान

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। आगामी** होलिका दहन, होली, ईद, नवरात्रि और रामनवमी के मद्देनजर पुलिस प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिले भर में फ्लैग मार्च और सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक के निर्देशन और अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल के पर्यवेक्षण में सभी क्षेत्राधिकारी अपने-अपने सर्किल क्षेत्रों में थाना व चौकी प्रभारियों के साथ पैदल गश्त कर रहे हैं। मिश्रित आबादी वाले इलाकों, प्रमुख बाजारों, चौराहों और संवेदनशील स्थानों पर विशेष नजर रखी जा रही है। फ्लैग मार्च के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों, वाहनों और वस्तुओं की गहन जांच की जा रही है। साथ ही होटल-ढाबों, शराब की दुकानों, बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी चेकिंग अभियान चलाया गया। पुलिस अधिकारी आमजन से संवाद स्थापित कर त्योहारों को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने की अपील कर रहे हैं।



## पुलिस अधीक्षक चारु निगम के आदेश पर अलीगंज क्षेत्र में पुलिस का पैदल मार्च

**अखंड भारत संदेश**

**सुलतानपुर । जनपद** में आगामी रमजान और होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से अलीगंज बाजार क्षेत्र में पुलिस द्वारा फ्लैग मार्च निकाला गया। यह पैदल मार्च पुलिस अधीक्षक चारु निगम के निदेर्शानुसार आयोजित किया गया। मार्च का नेतृत्व क्षेत्राधिकारी नगर सौरभ सामंत, थाना प्रभारी प्रमोद पटेल तथा चौकी इंचार्ज हरेंद्र सिंह ने किया। पुलिस टीम ने अलीगंज अहमद मार्केट से कुड़वार नाका तक पैदल गश्त कर आमजन में सुरक्षा का विश्वास जगाया। इस दौरान अधिकारियों ने स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों एवं राहगीरों से संवाद कर त्योहारों को आपसी भाईचारे और शांति के साथ मनाने की अपील की। पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि कानून-व्यवस्था बिगाड़ने, सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरें या अफवाह फैलाने तथा शांति भंग करने का प्रयास करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने लोगों से किसी भी संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को देने का भी आग्रह किया।फ्लैग मार्च में दीवान फरहान खान, राघवेंद्र, सिपाही धर्मेंद्र कुमार, महेश मौर्य सहित कई पुलिसकर्मी मौजूद रहे। पुलिस की इस सक्रियता से क्षेत्र में सुरक्षा का माहौल मजबूत होने के साथ ही लोगों में विश्वास भी बढ़ा है।



## चंद्रशेखर आजाद के 95वें बलिदान दिवस पर प्रभात फेरी और विचार गोष्ठी आयोजित

**अखंड भारत संदेश**

**सुल्तानपुर । आजाद समाज** सेवा समिति ने चंद्रशेखर आजाद के 95वें बलिदान दिवस पर नगर में प्रभात फेरी निकालकर समस्त शहीदों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया। बस स्टेशन स्थित चंद्रशेखर आजाद की प्रतिमा के समक्ष विचार गोष्ठी आयोजित हुई। वरिष्ठ समाजसेवी करतार केशव यादव ने कहा कि शहीदों के बलिदान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए 'बलिदान चरित्र मानस' लिखी जानी चाहिए। संस्था उपाध्यक्ष गिरीश तिवारी ने कहा कि शहीदों की स्मृति में नगर में पुस्तकालय बनना चाहिए ताकि नई पीढ़ी उनके बलिदानों से प्रेरणा ले सके।प्रभात फेरी के दौरान सुभाष चंद्र बोस, चंद्रशेखर आजाद, सुखदेव, राजगुरु, भगत सिंह, रानी लक्ष्मीबाई, राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खान, रोशन सिंह, राजेंद्र नाथ लाहिडी और महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण किया गया। इस अवसर पर संगठन के लोगों ने अपने विचार व्यक्त किए और शहीदों के बलिदानों को याद किया।



## भदोही में लघु सिंचाई की जिला तकनीकी समिति की बैठक, वर्षा जल संचयन पर जोर

**अखंड भारत संदेश**

**भदोही। कलेक्ट्रेट** सभागार में गुरुवार को लघु सिंचाई विभाग की जिला स्तरीय तकनीकी समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविंद शुक्ल ने की। इस दौरान वर्षा जल संरक्षण, रिचार्ज प्रणाली की स्थापना, चेकडैम, एनीकट चेकडैम और तालाब निर्माण की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा हुई। लघु सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता आदित्य नारायण पांडेय और सहायक अभियंता लखते हसन ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए बताया कि प्रदेश में सूखे की समस्या से निपटने के लिए वर्ष 1964 में लघु सिंचाई विभाग की स्थापना की गई थी। इसका उद्देश्य किसानों को निजी सिंचाई संसाधनों के निर्माण में सहायता देकर आत्मनिर्भर बनाना और कृषि उत्पादन बढ़ाना है। विभाग किसानों को अनुदान के साथ तकनीकी मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराता है। बैठक में बताया गया कि भूजल स्तर में गिरावट को देखते हुए वर्षा जल संचयन, सतही जल संरक्षण और जल संवर्धन की योजनाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके तहत छह से दस मीटर तक के एनीकट चेकडैम, चेकडैम, तालाब और रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली का निर्माण प्रस्तावित है। वर्ष 2023 की भूजल आकलन रिपोर्ट का हवाला देते हुए अधिकारियों ने बताया कि प्रदेश के 810 विकास खंडों में से 62 अतिदोहित, 43 क्रिटिकल, 172 सेमी क्रिटिकल श्रेणी में हैं, जबकि शेष सुरक्षित श्रेणी में हैं। भदोही जिले के सभी विकास खंड वर्तमान में सेमी क्रिटिकल श्रेणी में चिन्हित हैं। जनपद के विभिन्न शासकीय और अर्द्धशासकीय भवनों पर रूफटॉप रेन वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली स्थापित करने तथा तालाब, चेकडैम और एनीकट चेकडैम निर्माण की कार्ययोजना समिति के समक्ष अनुमोदन के लिए प्रस्तुत की गई।

# नगर पालिका ई.ओ. की बेपरवाही आई सामने ए.डी.एम. को निरीक्षण में गायब मिले सफाईकर्मी

**अखंड भारत संदेश**



**चित्रकूट।** शुक्रवार को नगर पालिका परिषद अंतर्गत प्रभारी अधिकारी अरुण कुमार द्वारा नगर के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान पटेल चैक से नगर पालिका परिषद कार्यालय, चित्रकूटधाम तक कोई भी सफाई कर्मचारी कार्यरत नहीं पाया गया। साथ ही सी.एम.ओ. आफिस पुरानी कोतवाली चैराहा के पास सफाई कार्य में लगे कर्मचारी अनुज एवं बृजेश बिना निर्धारित वर्दी के पाए गए। इस पर प्रभारी अधिकारी द्वारा संबंधित कर्मचारियों का एक दिन का वेतन रोके जाने के निर्देश दिए गए तथा भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति न होने की सख्त चेतावनी दी गई।

रामपुरी वार्ड संख्या 20 एवं भारतपुरी वार्ड संख्या 18 में डोर-टू-डोर कलेक्शन व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान डोर-टू-डोर कलेक्शन में कार्यरत ड्राइवर कुलदीप, प्रकाश एवं राजा से व्यवस्था की जानकारी ली गई। वाहन में नंबर प्लेट अनुपस्थित पाई गई, जिस पर सफाई निरीक्षक को निर्देशित किया गया कि सभी वाहनों में अनिवार्य रूप से नंबर प्लेट लगाना सुनिश्चित करें।

सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला को निर्देश दिए गए कि शत-प्रतिशत डोर-टू-डोर कलेक्शन स्त्रोत पर पृथक्करण के साथ समयबद्ध रूप से सुनिश्चित कराया जाए।

वार्ड संख्या 18, पुरानी बाजार में सफाई नायक श्रवण मलिक की उपस्थिति में भगवानदीन चैराहे से मस्जिद तक सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। सभी सफाई कर्मी निर्धारित वर्दी में कार्य करते हुए पाए गए।

पुरानी कोतवाली स्थित स्ट्रीट वेंडर जॉन को पटरी से ऊपर दुकान न लगाने तथा पॉलिथीन का प्रयोग न करने हेतु निर्देशित किया गया। साथ ही कर निरीक्षक एवं सफाई एवं खाद्य निरीक्षक को निर्देश दिए गए कि नगर क्षेत्र में सफाई के बाद यदि कोई दुकानदार कचरा बाहर फेंकता या रखता पाया जाता है तो उसके विरुद्ध जुमार्ना की कार्रवाई की जाए। पी.ए. सिस्टम के माध्यम से जन-जागरूकता अभियान चलाकर नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के भी निर्देश दिए गए। धनुष चैराहे के निरीक्षण के दौरान ग्रिलिंग टूटी एवं गंदी पाई गई। जिस पर अधिशासी अभियंता शुभम तिवारी को निर्देशित किया गया कि शीघ्र एस्टीमेट तैयार कर टूटी हुई ग्रिल को दुरुस्त कराया जाए। साथ ही सफाई निरीक्षक को वहां समुचित सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

नगर क्षेत्र अंतर्गत समस्त लिगेसी वेस्ट की रिपोर्ट तैयार कर दो दिवस के भीतर साफ-सफाई कर अद्यतन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए।

नगर पालिका परिषद में प्राप्त आई.जी.आर.एस. शिकायतों के निस्तारण हेतु अधिशासी अधिकारी को निर्देशित किया गया कि स्वयं की रिपोर्ट संलग्न करते हुए संबंधित शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करें।

निरीक्षण के दौरान सफाई एवं खाद्य निरीक्षक कमलाकांत शुक्ला, अवर अभियंता शुभम तिवारी, जिला कार्यक्रम प्रबंधक शिवा कुमार, सफाई नायक व अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## 5 को रहेगा अवकाश

**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश शेषमणि शुक्ला ने बताया कि सचिव जिला अधिवक्ता संघ द्वारा प्रस्ताव प्रस्तुत करते हुए यह अवगत कराया गया है, कि होलिका दहन के बाद सार्वजनिक रूप से होली दो दिन मनाते हुए रंग खेले जाते हैं। वादकारी एवं अधिवक्ता ग्रामीण क्षेत्र से संबंधित हैं और उनका प्रतिदिन गांव से ही आवागमन होता है। जिसके कारण न्यायालय में मुकदमा की पैरवी हेतु असुविधा रहेगी तथा जिलाधिकारी कार्यालय में 5 मार्च को अवकाश घोषित किया गया है। पूर्व घोषित स्थानीय अवकाश बुद्ध पूर्णिमा 1 मई के स्थान पर 5 मार्च को होली किए जाने की प्रार्थना की गई है। जिला अधिवक्ता संघ द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव पर विचार किया गया। जिलाधिकारी कार्यालय द्वारा निर्गत कैलेंडर में होली पर्व का 5 मार्च को अवकाश घोषित किया गया है जनहित एवं वादकारियों के हित को दृष्टिगत रखते हुए 1 मई को पूर्व घोषित स्थानीय अवकाश के स्थान पर 5 मार्च को स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। अतः 5 मार्च दिन बृहस्पतिवार को न्यायिक अधिष्ठान के वाहृय न्यायालय मऊ, ग्राम न्यायालय मानिकपुर सहित सभी न्यायालय में अवकाश रहेगा तथा 1 मई को पूर्व घोषित स्थानीय अवकाश निरस्त किया जाता है। 1 मई शुक्रवार को इस न्यायिक अधिष्ठान के वाहृय सभी न्यायालय न्यायिक कार्य हेतु खोले जाएंगे।

## ग्रामोदय विश्वविद्यालय में नाना जी विचार केंद्र और उनकी पीठ स्थापित होगी : प्रो. आलोक चौबे

**चित्रकूट।** भारत रत्न राष्ट्रऋषि नाना जी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि पर शुक्रवार को ग्रामोदय विश्वविद्यालय के नाना जी उपवन में भावपूर्ण श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया। ग्रामोदय के सभी प्राध्यापक, अधिकारी व छात्र-छात्राओं द्वारा उनके चित्र पर पुष्पांजलि एवं माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धापुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर वाल्मीकि सभागार में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए कुलगुरु प्रो. आलोक चौबे ने कहा कि नाना जी के विचारों और कार्यों का लाभ प्रदेश सहित देश-विदेश तक भी पहुँचे, इस उद्देश्य से विश्वविद्यालय में नाना जी देशमुख विचार केंद्र एवं नाना जी पीठ की स्थापना की जाएगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह पहल ग्रामोदय से विश्वोदय की दिशा में एक सशक्त कदम सिद्ध होगी। प्रो. चौबे ने कहा कि विश्वविद्यालय की स्थापना नाना जी देशमुख की परिकल्पना पर मध्यप्रदेश शासन द्वारा की गई थी और उन्हें संस्थापक कुलाधिपति नियुक्त किया गया था। ग्रामीण पुनर्निर्माण, सामाजिक समरसता और स्वावलंबन के उनके आदर्श आज भी विश्वविद्यालय की अकादमिक, शोध एवं प्रसार गतिविधियों का आधार हैं।

उन्होंने कहा कि प्रभु राम के जीवन दर्शन से प्रेरित नाना जी देशमुख ने महात्मा गांधी को शाश्वत प्रेरणास्त्रोत मानते हुए ग्रामोदय विश्वविद्यालय की संकल्पना की थी। आज विश्वविद्यालय उनके व्यक्तित्व, कृतित्व, चिंतन और नवाचारों को आत्मसात करते हुए ग्रामोदय से विश्वोदय की दिशा में चिंतन एवं प्रयास प्रारंभ कर चुका है। कार्यक्रम में कुलसचिव प्रो. आञ्जनेय पांडेय ने आभार व्यक्त किया तथा संचालन प्रो. ललित कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के अधिष्ठाता प्रो. एस.के. चतुवेर्दी सहित विश्वविद्यालय के प्राध्यापक, अधिकारी, कर्मचारी व छात्र-छात्राएँ मौजूद रहे।

# युग दृष्टया और युग मनीषी थे राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख : राजगुरु प्रपन्नाचार्य

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** भारत रत्न नानाजी देशमुख की 16वीं पुण्यतिथि पर दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा दीनदयाल परिसर चित्रकूट में श्रद्धांजलि समारोह आयोजित किया गया। जिसमें चित्रकूट आश्रम के संत प्रपन्नाचार्य महाराज ने नाना जी के योगदानों को संबोधित करते हुए लोगों को उत्साहित किया।

श्रद्धांजलि अवसर पर स्वावलंबन अभियान 2.0 की प्रस्तावना रखते हुए दीनदयाल शोध संस्थान के कोषाध्यक्ष वसंत पंडित ने बताया कि नानाजी ने जब 26 जनवरी 2002 को चित्रकूट के ग्रामों में स्वावलंबन अभियान की शुरूआत पांच प्रमुख बिंदुओं जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, रोजगार, हराभरा विवाद मुक्त ग्राम की कल्पना को शामिल किया। अब आधुनिकता के आधार पर स्वावलंबन अभियान के रुप में शुरूआत करने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें ग्रामोदय से सर्वोदय से शुरू करके और अभ्युदय की ओर बढ़ते हुए एक ऐसा मॉडल बनाने का प्रयास है जो मापने योग्य, टिकाऊ और प्रतिकृति योग्य हो, जहां व्यक्तिगत और सामुदायिक लक्ष्यों में खुशी और पूर्ति शामिल होगी। इसे एक नए युग के लिए स्थिरता और खुशहाली सूचकांक के माध्यम से मापा जाएगा। जो स्वावलंबी ग्राम विकास ढ़ांचा तैयार करने में सहायक सावित होगा।

यह मॉडल पुनयोर्जी अर्थशास्त्र के सिद्धांतों को मूर्त रूप देने की इच्छा रखेगा। यह बदलाव पं. दीनदयाल उपाध्याय के एकात्म मानववाद के साथ गहराई से प्रतिध्वनित होता है, एकात्म मानववाद में गांव-स्तरीय योजना को जड़ देकर और इसे पुनयोर्जी आर्थिक सिद्धांतों के साथ संरेखित करके, मॉडल प्रमुख वैश्विक विकास मॉडल के लिए एक व्यावहारिक, मापने योग्य और



प्रतिकृति योग्य विकल्प का प्रोटोटाइप बनाने की कोशिश करता है। यह मॉडल, जन अभियान परिषद मध्य प्रदेश, राज्य आनंद संस्थान मध्य प्रदेश, नीति आयोग और सेंटर फॉर कॉम्प्लेक्सिटी इकोनॉमिक्स, एप्लाइड स्पिरिचुअलिटी एंड पब्लिक पॉलिसी, जिंदल स्कूल ऑफ गवर्नमेंट एंड पब्लिक पॉलिसी सोनीपत के साथ साझेदारी में, चित्रकूट परियोजना क्षेत्र के 108 राजस्व गांवों में आयोजित करने का प्रस्ताव है, और एक आधार रेखा सर्वेक्षण से शुरू होगा, जो सभी सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक संकेतकों को मापेगा और उपभोग, अपशिष्ट और सामाजिक सद्भाव पर भी डेटा एकत्र करेगा। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के दौरान स्वावलंबन अभियान की शपथ का वाचन आचार्य आश्रम चित्रकूट के राजगुरु स्वामी प्रपन्नाचार्य महाराज द्वारा सभी लोगों को कराया गया। हम सभी ग्रामवासी परस्पर सहयोग के आधार पर अपने ग्राम को स्वावलम्बी बनाने की प्रतिज्ञा करते हैं। हम अपने ग्राम से गरीबी, बेकारी, बीमारी और अशिक्षा का उन्मूलन करेंगे। हमारे ग्राम का प्रत्येक परिवार सुख, समृद्धि और आध्यात्मिकता से भरा जीवन व्यतीत करेगा। हम ऐसी सतत जीवन-शैली अपनाएँगे जो प्रकृति की रक्षा करे, संसाधनों का संरक्षण करे और देश परंपरा और आधुनिक ज्ञान के समन्वय के साथ सभी के लिए खुशहाली लाए। हमारे ग्राम का कोई विवाद न्यायालय में नहीं जाएगा। नए-पुराने विवाद हम आपसी समझदारी से सुलझाएँगे। हमारा ग्राम स्वच्छ, सुंदर और पेड़-पौधों से सुसज्जित रहेगा। हम सब मिलकर अपने ग्राम को स्वावलम्बी और खुशहाली के अनुकरणीय नमूने के रूप में प्रस्तुत करेंगे।

स्वामी प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि ऋषि तो हमेशा युग दृष्टया होता है। नानाजी निश्चित रूप से युग मनीषी थे। जिस तरह महर्षि वाल्मीकि ने प्रभु राम को चित्रकूट का मार्ग सुझाया था, उसी तरह यहां के ऋषियों ने नाना जी को बुलाकर चित्रकूट के लिए विविध क्षेत्रों में विकास का मार्ग प्रशस्त किया।

श्रद्धांजलि समारोह में संत बद्री प्रपन्नाचार्य महाराज आचार्य आश्रम चित्रकूट, डॉ. आर.के. सिंह पटेल पूर्व सांसद बाँदा एवं पूर्व मंत्री उत्तर प्रदेश, अनूप मिश्रा पूर्व मंत्री मध्यप्रदेश, योगेश ताम्रकार महापौर सतना, अनिल जैन कालुहेडा विधायक उज्जैन, वी.एस. जामोद आयुक्त रीवा संभाग, प्रो. ए.डी.एन. बाजपेयी कुलपति अटल विहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय विलासपुर, प्रो. राजेंद्र कुरारिया कुलगुरु अवधेश प्रताप सिंह विश्वविद्यालय रीवा, डॉ अरविंद कुमार शुक्ल कुलगुरु राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर, डॉ. राजवीर सिंह उप महानिदेशक भारतीय कृषि अनुसंधान परिसद, डॉ. आई.पी. त्रिपाठी कुलगुरु छिंदवाड़ा विश्वविद्यालय, डॉ. एम.आर. के सिंह निदेशक अटारी जबलपुर, पदमश्री उमाशंकर पांडेय, प्रो. भरत मिश्र पूर्व कुलगुरु महात्मा गाँधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय चित्रकूट, पुष्पराज सिंह परिहार सामाजिक कार्यकर्ता सीधी एवं दीनदयाल शोध संस्थान के प्रधान सचिव निखिल मुंडले, उपाध्यक्ष उत्तम बनर्जी, उपाध्यक्ष अतुल जैन, कोषाध्यक्ष वसंत पंडित तथा कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस, पुलिस अधीक्षक सतना हंसराज सिंह द्वारा नानाजी की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ।

इस अवसर पर अलग-अलग सेमिनारों की रिपोर्टिंग सेमिनार के समन्वय डॉ. मनोज त्रिपाठी, डॉ. राजेंद्र सिंह नेगी, डॉ. नवीन शर्मा, डॉ. दीपेश मिश्रा, डॉ. पंकज शर्मा, अनिल सिंह द्वारा प्रस्तुत की गई। संचालन सीईओ अमिताभ वशिष्ठ द्वारा किया गया। कुलगुरु प्रो. ए.डी.एन. वाजपेई ने अपने उद्बोधन में कहा कि नाना जी का व्यक्तित्व सर्व समावेशी था। उन्होंने बताया कि 2003 में ए.पी.एस. विश्वविद्यालय रीवा का कुलपति होने के बाद नाना जी के मार्गदर्शन से मुझे ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति का भी प्रभार मिला और नाना जी के ग्राम विकास के प्रयोगों को नजदीकी से देखने का अवसर मिला।

रीवा कमिश्नर बी.एस. जामोद ने कहा कि नानाजी ने भौतिक चकाचैंध को छोड़कर चित्रकूट जैसे पिछड़े क्षेत्र में अपनी प्रयोगशाला बनाई और पीड़ित, उपेक्षित लोगों के विकास के लिए विविध प्रकल्पों के माध्यम से सर्वांगीण विकास का प्रयोग करके दिखाया। ऐसे देव तुल्य व्यक्तित्व को उनकी पुण्यतिथि पर समस्त जनपद वासियों को श्रद्धा सुमन अर्पित करना चाहिए।

## प्राधिकरण सचिव ने किया राजकीय संम्प्रक्षण गृह का निरीक्षण

**चित्रकूट।** जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शेषमणि शुक्ला के कुशल निर्देशन में निरीक्षण हेतु गठित समिति के सदस्य सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा शुक्रवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर, का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण का उद्देश्य संस्थान में बालकों की देखभाल, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं पुनर्वास व्यवस्था की समीक्षा करना तथा आवश्यक सुधार सुनिश्चित करना था। इला चैधरी, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने अवलोकन गृह में निवासरत बाल अपचारियों से व्यक्तिगत रूप से चर्चा की गयी। उन्होंने बालकों की शिक्षा, भोजन, चिकित्सा सुविधाओं तथा मनोरंजन की व्यवस्था का जायजा लिया। प्रारंभिक रिपोर्ट के अनुसार, संस्थान में भोजन एवं स्वच्छता की स्थिति संतोषजनक पाई गई, जबकि शिक्षा एवं कौशल विकास कार्यक्रमों में कुछ सुधार की आवश्यकता बताई गई। इस दौरान निरीक्षण अधीक्षक एवं स्टाफ को निर्देश दिए कि बालकों के लिए नियमित काउंसलिंग सत्र आयोजित किए जाएं तथा डीएलएसए द्वारा संचालित विधिक जागरूकता शिविरों में इन्हें शामिल किया जाए। उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि अवलोकन गृह के लिए अतिरिक्त फंडिंग उपलब्ध कराई जाए ताकि कंप्यूटर लैब एवं खेलकूद सुविधाओं का विकास किया जा सके। इस अवसर पर विदिशा भूषण, प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्यायबोर्ड, बीर सिंह संस्था प्रभारी, राजकीय सम्प्रेक्षण गृह, अर्चना श्रीवास्तव सदस्य, दीपक कुमार काउन्सलर आदि उपस्थित रहे।

### जनसुनवाई 9 को

**चित्रकूट।** जिला प्रोबेशन अधिकारी प्रगति गुप्ता ने बताया कि सदस्य उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग प्रतिभा कुशवाहा द्वारा 9 मार्च को महिला जन सुनवाई समीक्षा बैठक कार्यक्रम जिलाधिकारी द्वारा नामित वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक या उनके द्वारा नामित वरिष्ठ पुलिस अधिकारी तथा महिला थानाध्यक्ष एवं संबंधित थाने के क्षेत्राधिकारी की उपस्थिति में राजकीय गेस्ट हाउस में किया जाएगा।

## सिंहपुर में हुआ जन चौपाल का आयोजन

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में शुक्रवार को विकास खण्ड रामनगर की ग्राम पंचायत सिंहपुर में सफल ग्राम चैपाल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा की गई। जिसमें तहसीलदार मऊ रामसुधार, राजेश तिवारी खण्ड विकास अधिकारी रामनगर, डॉ. अवधेश निरंजन पशु चिकित्साधिकारी, आलोक कुमार ग्राम सचिव, ए.एन.एम. आशा बहु, आंगनवाडी कार्यकत्री, कोटेदार, तथा ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्राम चैपाल में ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों की समीक्षा की गयी तथा ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर निस्तारण किया गया। चैपाल में उपस्थित ग्राम सचिव द्वारा मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धवस्था पेंशन योजना आदि योजनाओं के बारे में ग्रामवसियों को बताया गया। तहसीलदार मऊ द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम लेखपाल कमलेश सिंह का एक्सीडेन्ट हो जाने के कारण खतौनी का उच्चारण नहीं हो सका, जिसमें अपर जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा तहसीलदार को निर्देशित किया गया, कि ग्राम खतौनी का उच्चारण शीघ्र कराया जाना सुनिष्चित करें। जिससे जनमानस की लम्बित वरासतो का ससमय निस्तारण हो सकें।

# भरतकूप थाने के नये भवन का अपर पुलिस महानिदेशक ने किया लोकार्पण

**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** अपर पुलिस महानिदेशक ज्योति नारायण प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा शुक्रवार को राजेश एस. पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में जनपद चित्रकूट के नवनिर्मित थाना प्रशासनिक भवन भरतकूप का विधिवत फीता काटकर भव्य समारोह पूर्वक शिलापट्ट के माध्यम से लोकार्पण किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज ने नवीन थाना प्रशासनिक भवन का निरीक्षण करते हुए कार्यालय कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, अभिलेख कक्ष, मालखाना, बैरक एवं अन्य व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त यह भवन पुलिस कार्यों की दक्षता एवं पारदर्शिता को बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा तथा आमजन को बेहतर एवं त्वरित पुलिस सेवा उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका



निभाएगा। इसके बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा थाना भरतकूप परिसर में वृक्षारोपण किया गया।

उन्होंने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि थाना परिसर को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित रखें, अभिलेखों का रख-रखाव अद्यतन रखें तथा फरियादियों के साथ संवेदनशील एवं सम्मानजनक व्यवहार सुनिश्चित करें। साथ ही कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, अपराध नियंत्रण, महिला एवं बाल सुरक्षा तथा जनसहयोग आधारित पुलिसिंग को और अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया।

पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा अपर पुलिस महानिदेशक का आभार व्यक्त करते हुए आश्वस्त किया गया कि जनपद पुलिस द्वारा शासन की मंशानुसार आमजन को बेहतर सुरक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जाता रहेगा।

उद्घाटन समारोह में सासंद चित्रकूटधाम बांदा कृष्णा पटेल, पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाध्यक्ष अशोक जाटव, को-ऑपरेटिव बैंक चेयर मैन बांदा पंकज अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव, प्रभारी निरीक्षक भरतकूप उपेन्द्र प्रताप सिंह सहित पुलिस बल के अधिकारी, कर्मचारीगण व क्षेत्र के आम नागरिक मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम का संयुक्त निदेशक ने किया स्थलीय पर्यवेक्षण

**चित्रकूट।** राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपद में आई.डी.ए. 10 फरवरी से 28 फरवरी तक चलाया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत शुक्रवार को संयुक्त निदेशक, डॉ. विनोद अग्रवाल द्वारा कार्यक्रम का स्थलीय पर्यवेक्षण किया गया। पर्यवेक्षण के दौरान ब्लॉक शिवरामपुर के ग्राम रेहुंटिया व ब्लॉक पहाड़ी के ग्राम बूढा सेमरवार मे टीम के कार्यों का भौतिक निरीक्षण किया गया। इस दौरान जनसमुदाय को फाइलेरिया से बचाव हेतु जागरूक करने व दवा खाने से इंकार करने वाले व्यक्तियों का संवेदीकरण कर दवा खिलाने का भी कार्य किया गया। साथ ही आईडीए कार्यक्रम से संबधित समस्त अभिलेखो व रिपोर्टिंग की गुणवत्ता का निरीक्षण किया। जोकि संतोषजनक पाया गया। अब तक जनपद में कार्यक्रम के



अन्तर्गत कुल लक्षित 779956 जनसंख्या में से 617587 जनसंख्या को दवा का सेवन कराया जा चुका है। पर्यवेक्षण के दौरान कार्यकम के नोडल अधिकारी, डॉ. जी.आर. मेले, जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह, मलेरिया निरीक्षक व प्रतिनिधि पाथ व पी.सी.आई. संस्था मौजूद रहे। जो लोग अभी तक किसी भी वजह से फाइलेरिया की दवा खाने से छूट गये हैं, वह दिनांक 5 फरवरी से 07 फरवरी तक चल रहे मॉपअप राउन्ड में अपने क्षेत्र की आशा अथवा नजदीकी स्वास्थ्य केन्द्र से दवा प्राप्त कर अवश्य खायें, जिससे फाइलेरिया रोग से बचा जा सके।

## नहरों का होगा व्यवस्थित संचालन

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निर्देशन में अधिशासी अभियंता सिंचाई एस.के. प्रसाद ने बताया कि जनपद में तहसील मानिकपुर के अन्तर्गत ओहन बांध का निर्माण वर्ष 1958-59 में हुआ था। ओहन बांध से ओहन मुख्य नहर निकलती है जिसके टेल से ओहन पूर्वी शाखा निकलती है जिसकी लम्बाई 26.080 कि.मी. तथा हेड डिस्वार्ज 74.60 क्यूसेक है। ओहन पूर्वी शाखा का पी.पी.ए. 2152 हेक्टेयर है, जबकि विगत 05 वर्षों की औसत सींच 985 हेक्टेयर दर्ज की गयी। लगभग 50 वर्ष से अधिक सेक्शन होने के कारण नहर पर बनी पक्की संरचनाए पूरी तरह से क्षतिग्रस्त अवस्था में है। नहरों के हेड रेगुलेटर एवं कुलाबा क्षतिग्रस्त होने से नहर संचालन के दौरान असुविधा होती है। नहर के सीमांकन हेतु बाउंड्री पिलर न होने के कारण कृषकों द्वारा नहरी भूमि पर अतिक्रमण कर लिया जाता है। परियोजना में प्राविधानित कार्य ओहन पूर्वी शाखा पर निर्मित 15 अदद फॉल, 12 अदद वी.आर.बी., 01 अदद एक्वाडक्ट के मरम्मत ,10 अदद फॉल, 09 अदद रेगुलेटर गेट एवं 86 अदद कुलाबा का पुनर्निर्माण कार्य, ओहन पूर्वी शाखा के कि.मी. 0.000 से कि.मी. 26.080 कि.मी. तक नहरी भूमि सीमांकन का कार्य, परियोजना से लाभ, नहर पर निर्मित पक्की संरचनाए सुदृण्ढ हो जायेगी। हेड रेगुलेटर एवं पक्की संरचनाए जिसके पुनरोद्धार से नहर का व्यवस्थित संचालन कराया जा सकेगा।

## थाना बहिलपुरवा पुलिस टीम ने 2 अभियुक्तों से 43 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद किया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के कुशल निर्देशन में अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थानाध्यक्ष बहिलपुरवा सत्यमति त्रिपाठी के मार्गदर्शन में थाना बहिलपुरवा पुलिस टीम द्वारा 2 अभियुक्तों से 43 क्वार्टर अवैध देशी शराब बरामद किया गया । उपनिरीक्षक हारून रशीद खाँ, आरक्षी सतीश यादव, आरक्षी मोनू राय व महिला आरक्षी रीना यादव द्वारा नत्थू प्रसाद पुत्र महेश प्रसाद निवासी पोखरी पुरवा मडैयन उम्र करीब 45 वर्ष को एक बोरी में 24 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। उपनिरीक्षक दिनेश कुमार पाण्डेय, मुख्य आरक्षी कल्लू खाँ, आरक्षी अजीत पाण्डेय द्वारा मुन्नालील पुत्र रामसंवारे निवासी बड़ी बेलहरी को 19 क्वार्टर अवैध देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## अपर पुलिस महानिदेशक ने किया चाणक्य प्रशिक्षण केन्द्र का लोकार्पण

**चित्रकूट।** ज्योति नारायण अपर पुलिस महानिदेशक प्रयागराज जोन, प्रयागराज द्वारा शुक्रवार को राजेश एस. पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम बांदा, अरुण कुमार सिंह पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में पुलिस लाइन चित्रकूट में रिक्रूट पुलिस कर्मियों के प्रशिक्षण हेतु चाणक्य प्रशिक्षण केन्द्र का विधिवत लोकार्पण किया गया। अपर पुलिस महानिदेशक ने फीता काटकर एवं अनावरण कर प्रशिक्षण केन्द्र का शुभारम्भ किया। इसके बाद उन्होंने प्रशिक्षण कक्ष, स्मार्ट क्लासरूम, प्रोजेक्टर, ऑडियो-वीडियो उपकरण, बैठने की समुचित व्यवस्था एवं अन्य आधारभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया तथा प्रशिक्षण की गुणवत्ता को और अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के निर्देश दिए। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि आधुनिक पुलिसिंग के लिए तकनीकी दक्षता, विधिक ज्ञान एवं व्यवहारिक कौशल अत्यंत आवश्यक हैं। चाणक्य प्रशिक्षण केन्द्र में कुल 04 कक्षाएं जिसमें 240 रिक्रूटों को एक साथ प्रशिक्षण की व्यवस्था की गयी है। इसके बाद पुलिस उपमहानिरीक्षक द्वारा पुलिस लाइन परिसर में वृक्षारोपण किया गया। उद्घाघटन में सासंदकृष्णा पटेल, मऊ मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व सांसद आर.के. सिंह पटेल, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, पूर्व राज्यमंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, जिलाध्यक्ष अशोक जाटव, को-ऑपरेटिव बैंक चेयर मैन बांदा पंकज अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह, क्षेत्राधिकारी नगर अरविन्द वर्मा, प्रतिसार निरीक्षक रामाशीष यादव सहित पुलिस बल के अधिकारी, कर्मचारी व अन्य लोग मौजूद रहे।

# दुनिया पर मंडराया परमाणु युद्ध का साया! अमेरिका का खुलासा!

**अमेरिका**

**दुनिया** की दो सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों, अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौता समाप्त होने के साथ ही वैश्विक सुरक्षा पर संकट के बादल गहरा गए हैं। सोमवार को जिनेवा में संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन को संबोधित करते हुए अमेरिका के सहायक विदेश मंत्री क्रिस्टोफर यिआव ने चीन और रूस को लेकर चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। अमेरिकी शस्त्र नियंत्रण और अप्रसार ब्यूरो के प्रमुख क्रिस्टोफर यिआव ने जानकारी साझा की कि लगभग छह साल पहले चीन ने एक गुप्त परमाणु परीक्षण किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि चीन ने दुनिया को अंधेरे में रखकर अपने परमाणु भंडार में अभूतपूर्व और सुनियोजित विस्तार किया है। इस महीने अमेरिका और रूस के बीच आखिरी परमाणु हथियार समझौते की समाप्ति के बाद यिआव ने संयुक्त राष्ट्र समर्थित एक संस्था के एक सम्मेलन को संबोधित



करते हुए यह बात कही। इस समझौते की अवधि खत्म होने से दुनिया की सबसे बड़ी परमाणु शक्तियों के हथियारों पर लगी सीमाएं समाप्त हो गई हैं। यिआव ने चीन से अधिक पारदर्शिता की मांग की और ह्यन्यू स्टार्टह्व संधि की कुछ कमियों की ओर इशारा करते हुए उदाहरण दिया कि इसमें रूस के गैर-रणनीतिक परमाणु हथियारों के विशाल भंडार का कोई समाधान नहीं किया गया।

उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समर्थित निरस्त्रीकरण सम्मेलन में कहा, ह्वलेकिन शायद इसकी सबसे बड़ी कमी यह थी कि ह्यन्यू स्टार्टह्व संधि ने चीन द्वारा अभूतपूर्व, सुनियोजित और गुप्त रूप से तैयार किए गए परमाणु हथियारों को ध्यान में नहीं रखा ह्व यिआव ने कहा कि चीन ने ह्वजानबूझकर और बेरोक-टोक अपने परमाणु हथियार भंडार में भारी विस्तार किया,ह्व जबकि उसने ऐसा न करने का आश्वासन दिया था। उन्होंने चीन के ह्वलक्ष्यह्व या उद्देश्यों के बारे में पारदर्शिता की कमी पर खेद व्यक्त किया। उन्होंने कहा, ह्वहम मानते हैं कि चीन अगले चार या पांच साल में बराबरी हासिल कर सकता है ह्व यिआव ने सोमवार को जिनेवा में एक रूसी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की और मंगलवार को चीनी और अन्य प्रतिनिधिमंडलों से मिलने वाले हैं।

# बिल गेट्स ने रूसी महिलाओं से रिश्ते की बात भी कबूली

**अमेरिका**

माइक्रोसॉफ्ट के को फाउंडर बिल गेट्स ने जेफरी एपस्टीन के साथ अपने पिछले रिश्तों को लेकर गेट्स फाउंडेशन के कर्मचारियों से माफी मांगी है। हाल ही में जारी हुए 'एपस्टीन फाइल्स' के दस्तावेजों के बाद यह विवाद फिर से गहरा गया था। इसी वजह से, गेट्स ने भारत में होने के बावजूद दिल्ली के भारत मंडपम में हुए 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' से भी अपना नाम वापस ले लिया था।

एक आंतरिक मीटिंग के दौरान गेट्स ने स्वीकार किया कि एपस्टीन के साथ समय बिताना और फाउंडेशन के अधिकारियों को उससे मिलवाना उनकी एक बहुत बड़ी गलती थी। उन्होंने उन सभी लोगों से माफी मांगी जो उनकी इस गलती की वजह से प्रभावित हुए हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, गेट्स ने रूसी



महिलाओं के साथ अपने दो पुराने रिश्तों की बात भी मानी, जिनका जिक्र इन फाइल्स में था।

हालांकि, उन्होंने साफ तौर पर कहा कि उनका एपस्टीन के गलत कामों या उसकी पीड़ितों से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने जोर देकर कहा, 'मैंने कुछ भी गैर-कानूनी नहीं किया और न ही कुछ गलत होते देखा।'

इससे पहले, विवाद को बढ़ता देख गेट्स फाउंडेशन ने इंडिया एआई समिट से हटने का फैसला लिया था, ताकि समिट के मुख्य एजेंडे पर कोई असर न पड़े।

फाउंडेशन ने यह भी स्पष्ट किया है कि उन्होंने एपस्टीन को कभी कोई भुगतान नहीं किया और न ही उसे काम पर रखा था।

# मैंने दखल नहीं दिया होता तो भारत-पाक संघर्ष के दौरान शहबाज शरीफ मारे जाते

**अमेरिका**

**अमेरिका** के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में भारत और पाकिस्तान के बीच मई 2025 में चले सैन्य तनाव को लेकर बड़ा दावा किया है। ट्रंप ने कहा है कि यदि वह हस्तक्षेप नहीं करते तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की मृत्यु हो जाती और दोनों परमाणु संपन्न देशों के बीच परमाणु युद्ध छिड़ सकता था। हालांकि उनके बयान को लेकर यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उन्होंने यह बात सचमुच उसी अर्थ में कही या फिर वह बोलते समय चूक गए।

हम आपको बता दें कि राष्ट्रपति ट्रंप ने अपने कार्यकाल के पहले दस महीनों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने आठ युद्ध समाप्त कराए। इसी क्रम में उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान परमाणु युद्ध की कगार पर थे और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने स्वयं कहा था कि यदि ट्रंप का हस्तक्षेप नहीं होता तो 35 मिलियन लोगों की जान जा सकती थी। ट्रंप ने यह भी कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने उनकी सराहना की और माना कि उनके प्रयासों से करोड़ों लोगों का जीवन सुरक्षित रहा।

ट्रंप के बयान के दौरान यह आभास हुआ कि उन्होंने संभवतः यह कहना चाहा कि 35 मिलियन लोग मारे जा सकते थे, लेकिन उनके शब्दों से ऐसा लगा मानो वह कह रहे हों कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की ही मृत्यु हो जाती। बाद में विश्लेषकों ने माना



कि यह संभवतः भाषण के दौरान हुई एक चूक थी और उनका आशय व्यापक जनहानि से था, न कि किसी एक व्यक्ति की मृत्यु से। हम आपको बता दें कि अमेरिकी राष्ट्रपति लंबे समय से यह दावा करते रहे हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान को वार्ता की मेज पर लाने में अहम भूमिका निभाई थी। उनका कहना रहा है कि उनके प्रयासों के कारण ही दोनों देशों के बीच बढ़ते तनाव को नियंत्रित किया जा सका था और एक बड़े संघर्ष को टाला गया।

हालांकि भारत ने अमेरिका या किसी भी तीसरे पक्ष के मध्यस्थता दावे को स्पष्ट रूप से खारिज किया है। भारतीय सरकार का कहना है कि भारत और पाकिस्तान के बीच किसी भी मुद्दे का समाधान द्विपक्षीय ढंग से ही संभव है और इस प्रक्रिया में किसी बाहरी देश की भूमिका नहीं रही। भारत ने दोहराया है कि ऑपरेशन सिंदूर पूरी तरह से आतंकवाद के खिलाफ लक्षित कार्रवाई थी और इसका उद्देश्य क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करना था।

# ईरान पर क्या सच में हमला करेगा अमेरिका?




**अमेरिका**

**अमेरिका** और ईरान के बीच लंबे समय से चल रहा परमाणु विवाद एक बार फिर चर्चा में है। कई महीनों से दोनों देशों के बीच रुक-रुक कर बातचीत जारी है ताकि नए परमाणु समझौते पर सहमति बन सके। जिनेवा में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच अहम बैठक हुई। इस बैठक का मकसद था अमेरिका की संभावित सैन्य कार्रवाई को टालना। बातचीत के बाद ईरान ने दावा किया कि दोनों पक्ष किसी समझौते के लिए ह्वमार्गदर्शक सिद्धांतोंह्व पर सहमत हुए हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरोलिन लेविट ने कहा कि बातचीत में ह्वथोड़ी प्रगतिह्व जरूर हुई है, लेकिन कई बड़े मुद्दों पर दोनों देशों के बीच अभी भी गहरी खाई बनी हुई है। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि ईरान के खिलाफ सैन्य कार्रवाई के कई कारण मौजूद हैं, और ईरान के लिए समझौता करना ही समझदारी होगी। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप लगातार नए परमाणु समझौते की बात करते रहे हैं। लेकिन कुछ मौकों पर उन्होंने ईरान में सत्ता परिवर्तन की इच्छा भी जाहिर की है। ऐसे में यह सवाल उठता है कि अगर हालात बिगड़ते हैं, तो क्या कोई संभावित सैन्य कार्रवाई सिर्फ परमाणु ठिकानों तक सीमित रहेगी – या फिर मामला उससे कहीं आगे बढ़ सकता है?

विरोध प्रदर्शनः जनवरी की शुरूआत में ईरानी शासन द्वारा हजारों प्रदर्शनकारियों की हत्याओं के विरोध में ट्रंप ईरान पर हमला करने के करीब पहुंच गए थे।

उन्होंने लिंकन मिसाइल को मध्य पूर्व भेजने का आदेश दिया, क्योंकि ईरान ने उन विरोध प्रदर्शनों पर दमन किया जो शुरू में आर्थिक शिकायतों से प्रेरित थे, लेकिन बाद में इस्लामी गणराज्य के खिलाफ एक जन आंदोलन में बदल गए। 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद सत्ता में आए धार्मिक नेतृत्व ने प्रदर्शनों का घातक बल से जवाब दिया और सत्ता पर अपना कब्जा जमाए रखा है।

# टॉयलेट रोक कर अमेरिकी सैनिकों को करनी है ईरान से जंग! दुनिया के सबसे महंगे जहाज में टॉयलेट सिस्टम फेल

**ईरान**

**अमेरिका** और ईरान के बीच युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। ईरान ने दशकों में पहली बार इस इलाके में अपनी सबसे बड़ी सैन्य ताकत झोंक दी है। जवाब में अमेरिका ने परमाणु ऊर्जा से चलने वाले अपने सबसे शक्तिशाली एयरक्राफ्ट कैरियर वरर गेराल्ड आर फोर्ड को मोर्चे पर तैनात किया है। लेकिन इस $13 बिलियन (करीब 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक) की लागत वाले जहाज के अंदर एक गंभीर मानवीय संकट खड़ा हो गया है- जहाज के 650 टॉयलेट में से अधिकांश काम करना बंद कर चुके हैं।

वर ने इस इलाके में वरर गेराल्ड आर फोर्ड को भी तैनात किया है, जिसे दुनिया का सबसे बड़ा एयरक्राफ्ट कैरियर माना जाता है, जिससे इस्लामिक देश के साथ पूरी तरह से युद्ध के कयास लगाए जा रहे हैं।

लेकिन इन सबके बीच, वरर गेराल्ड आर फोर्ड पर विदेश में तैनात नाविकों को एक अलग समस्या का सामना करना पड़ रहा है -- टॉयलेट संकट। यह एयरक्राफ्ट कैरियर पिछले साल



जून से समुद्र में है। इसने जनवरी में वेनेजुएला के पूर्व प्रेसिडेंट निकोलस मादुरो को पकड़ने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन फोर्ड की तैनाती को और बढ़ाने के अमेरिकी प्रेसिडेंट के फैसले ने इसके लिए कई समस्याएं खड़ी कर दी हैं।

ज्यादातर टॉयलेट काम नहीं कर रहे हैं कई मीडिया रिपोर्ट्स बताती हैं कि लंबे समय तक तैनाती के कारण फोर्ड का सीवेज सिस्टम खराब हो गया है। मेंटेनेंस की कमी की वजह से, वरर गेराल्ड आर फोर्ड के 650 टॉयलेट में से ज्यादातर काम नहीं कर रहे हैं, जिसे वरऊ 13 बिलियन में बनाया गया था। सीवेज सिस्टम वैक्यूम-बेस्ड मॉड्यूल पर काम करता है। एक भी वाल्व फेल होने से सभी टॉयलेट में सक्शन बंद हो सकता है, जिससे नाविकों के लिए प्रॉब्लम को अलग करना मुश्किल हो जाएगा। प्रॉब्लम को ठीक करने के लिए जहाज को डॉक करना होगा, लेकिन खराब पानी में ऐसा होने की उम्मीद कम है। इसलिए, कैरियर पर प्रॉब्लम बनी हुई है।

नाविक नेवी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं न्यूक्लियर पावर से चलने वाले वरर गेराल्ड आर फोर्ड में लगभग 4,500 नाविक हैं, और उनमें से कई इस गड़बड़ी के बाद नेवी छोड़ने पर विचार कर रहे हैं। इस घटना की वजह से वरर गेराल्ड आर फोर्ड के नाविकों और टेक्नीशियन के बीच एक-दूसरे पर इल्जाम लगाने का खेल भी शुरू हो गया है। रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि एयरक्राफ्ट कैरियर के कैप्टन डेविड स्कारोसी को भी नाविक की निराशा के बारे में पता है।

# ग्रीन्स पार्टियां के उर्दू वीडियो पर क्यों मचा है इतना हंगामा?

**इंग्लैंड**

**उत्तर-पश्चिम** इंग्लैंड में इस सप्ताह होने वाले उपचुनाव के लिए ग्रीन पार्टी द्वारा जारी उर्दू के प्रचार वीडियो में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टॉर्मर को उनके भारतीय और इजराइली समकक्षों के साथ दिखाए जाने के कारण विवाद खड़ा हो गया है। मैनचेस्टर की गॉर्टन और डेंटन सीट के लिए सभी पार्टियां चुनाव प्रचार में जुटी हुई हैं जहां लेबर, कंजर्वेटिव और ग्रीन्स पार्टियां धुर दक्षिणपंथी ह्यरिफॉर्म यूकेह्व के आप्रवासन विरोधी संदेश



का मुकाबला करने की कोशिश कर रही हैं। स्टॉकपोर्ट से लेबर सांसद नवेंदु मिश्रा ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, हमारी राजनीति में नस्लवाद की कोई जगह नहीं है, फिर भी एक बार फिर हम ऐसे निंदनीय हथकंडे देख रहे हैं जो चुनावी लाभ के लिए सामुदायिक तनाव को भड़काने का जोखिम उठाते हैं।

# पूर्व ब्रिटिश राजदूत को पूछताछ के बाद मिली जमानत

**ब्रिटिश**

**अमेरिका** में ब्रिटेन के पूर्व राजदूत पीटर मैंडेलसन को एप्स्टीन फाइल्स से जुड़े कदाचार की जांच के सिलसिले में गिरफ्तारी के बाद जमानत पर रिहा कर दिया गया है। ब्रिटिश पुलिस ने यह जानकारी दी। मेट्रोपॉलिटन पुलिस के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा, ह्यह्यसार्वजनिक पद पर रहते हुए कदाचार के संदेह में गिरफ्तार किए गए 72 वर्षीय व्यक्ति को जांच लंबित रहने तक जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

इसमें कहा गया है, उन्हें सोमवार को कैमडेन से गिरफ्तार किया गया था और पूछताछ के लिए लंदन के एक पुलिस थाने ले जाया गया था।ह्वह्व बयान में कहा गया है कि यह कार्रवाई विल्टशायर और कैमडेन क्षेत्रों में दो स्थानों पर तलाशी वारंट जारी किए जाने के बाद की गई है। बयान के अनुसार, ह्यह्यजांच की निष्पक्षता को बनाए रखने के लिए हम इस स्तर पर इससे अधिक जानकारी उपलब्ध कराने में असमर्थ हैं।

पीटर मैंडेलसन : पुलिस कस्टडी और बेल की शर्तें

मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने एक छोटा सा बयान जारी करके कन्फर्म किया कि सोमवार सुबह एक 72 साल के आदमी को हाल के सेक्सुअल अपराधों और संभावित फाइनेंशियल लिंक की जांच के तहत गिरफ्तार किया गया था।



हालांकि पुलिस आमतौर पर चार्ज लगाने से पहले संदिग्धों का नाम नहीं बताती है, लेकिन सरकारी सूत्रों और कानूनी प्रतिनिधियों ने मैंडेलसन की रिहाई के तुरंत बाद उनकी पहचान कन्फर्म की।

कानूनी जानकारों का कहना है कि बेल पर उनकी रिहाई यह दिखाती है कि जांच अभी सबूत इकट्ठा करने के फेज में है।

उनकी बेल की शर्तों के तहत, खबर है कि मैंडेलसन को एक रजिस्टर्ड पते पर रहना होगा और उन पर ट्रैवल पर रोक लग सकती है, जबकि जासूस उनके बयानों को इंटरनेशनल लॉ एनफोर्समेंट एजेंसियों द्वारा दिए गए डेटा से क्रॉस-रेफरेंस करेंगे।

इसके पॉलिटिकल नतीजे तुरंत दिखे। लेबर पार्टी, जिसमें मैंडेलसन ने दशकों तक काम किया, ने दूरी बनाए रखी, और एक स्पोक्सपर्सन ने सिर्फ. इतना कहा कि पार्टी "उम्मीद करती है कि सभी लीगल प्रोसेस का सख्ती से पालन किया जाएगा।"

**अखंड भारत संदेश**

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा, प्रयागराज से मुद्रित एवं क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित

सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्

RNI NO. UPHIN/2001/09025

प्रबन्धक
अनूप मिश्रा

ऑफिस मो.: 9565333000

Email: akhandbharatsandesh1@gmail.com

सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# 'अगर मैं नहीं रोकता, तो भारत-पाक युद्ध में मारे जाते 3.5 करोड़ लोग'

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दुनिया के सामने खुद को एक 'शांतिदूत' के रूप में पेश किया है। मंगलवार को अपने 100 मिनट से अधिक लंबे 'स्टेट ऑफ द यूनियन' संबोधन में ट्रंप ने दावा किया कि उनके हस्तक्षेप के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच एक संभावित परमाणु युद्ध टल गया। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने उनसे कहा था कि अगर उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध रोकने के लिए हस्तक्षेप नहीं किया होता तो 3.5 करोड़ लोग मारे गए होते।

मंगलवार को अपने 100 मिनट से अधिक लंबे ह्यस्टेट ऑफ द यूनियनह्व संबोधन में ट्रंप ने अपने इस दावे को दोहराया कि उन्होंने दो दक्षिण एशियाई पड़ोसियों के बीच युद्ध को रोकने में मदद की जो परमाणु युद्ध में तब्दील हो सकता था। ट्रंप ने कहा, ह्यह्यअपने पहले 10 महीनों में मैंने आठ युद्ध समाप्त कराए.. जिनमें पाकिस्तान और भारत का संघर्ष भी शामिल है, जो परमाणु युद्ध में तब्दील हो सकता था। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री ने कहा था कि अगर मैं हस्तक्षेप नहीं करता तो 3.5 करोड़ लोग मारे जाते।ह्वह्व अमेरिकी राष्ट्रपति पहले भी इसी तरह के दावे कर चुके हैं जिसमें उन्होंने कहा था कि शरीफ ने परमाणु हथियारों से लैस पड़ोसी देशों के बीच संघर्ष को समाप्त करने में मदद करके लाखों



लोगों की जान बचाने का श्रेय उन्हें दिया था। इससे पहले ट्रंप ने इससे कम आंकड़े बताए थे। उन्होंने एक बार पहले 2.5 करोड़ और बाद में एक करोड़ के आंकड़े का उल्लेख किया था।

ट्रंप भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष को रोकने का श्रेय खुद को कई बार दे चुके हैं। यह दावा वह पिछले साल 10 मई से अब तक लगभग 100 बार कर चुके हैं, जब उन्होंने सोशल मीडिया पर घोषणा की थी कि वाशिंगटन की मध्यस्थता में हुई ह्यह्यदेर रातह्वह्व की बातचीत के बाद भारत और पाकिस्तान ह्यह्यपूर्ण और तत्कालह्वह्व युद्धविराम पर सहमत हुए हैं। भारत ने लगातार किसी भी तीसरे पक्ष के हस्तक्षेप से इनकार किया है। अपने संबोधन में ट्रंप ने कई अन्य संघर्षों को भी सूचीबद्ध किया, जिन्हें सुलझाने में उन्होंने मदद करने का दावा किया। इनमें कंबोडिया और थाईलैंड, कोसोवो और सर्बिया, इजराइल और ईरान, मिस्र और इथियोपिया, आर्मेनिया और अजरबैजान, कांगो और रवांडा तथा गाजा में युद्ध शामिल हैं, जिसके बारे में उन्होंने कहा कि ये युद्ध अब ह्यह्यबहुत निम्न स्तरह्वह्व पर जारी हैं। ट्रंप ने कहा कि अमेरिका देश और विदेश में सुरक्षा बहाल कर रहा है। राष्ट्रपति ने ह्यह्वाइट हाउसह्व (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में अपने दूसरे कार्यकाल के दूसरे ह्यस्टेट ऑफ द यूनियनह्व संबोधन में कहा, ह्यह्यहम गर्व से अपने देश में अमेरिकियों की सुरक्षा बहाल कर रहे हैं और विदेशों में भी अमेरिकियों की सुरक्षा सुनिश्चित कर रहे हैं। हमारा देश पहले से कहीं अधिक मजबूत है।ह्वह्व ट्रंप के संबोधन के दौरान डेमोक्रेटिक सांसदों के बाधा डालने पर उन्होंने कहा, ह्यह्ययह मजाक नहीं है। ये बेचारे लोग।